संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, रविवार, 26 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 83 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## स्कंदमाता का स्वरूप मन को मोह लेने वाला है...



नवरात्रि के पांचवे दिन मां स्कंदमाता की पूजा का विधान है। स्कंदमाता को मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता के रूप में पूजा जाता है। कहा जाता है कि स्कंदमाता भक्तों की समस्त कामनाओं की पूर्ति करती हैं। मां दुर्गा के पंचम स्वरूप देवी स्कंदमाता की उपासना से भक्त की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं और जीवन में खुशियां आती हैं। संतान प्राप्ति के लिए स्कंदमाता की आराधना करना लाभकारी माना गया है। स्कंदमाता की पूजा से भक्त को मोक्ष मिलता है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनकी पूजा से भक्त अलौकिक तेज और कांतिमय हो जाता है। स्कंदमाता का स्वरूप मन को मोह लेने वाला है। इनकी चार भुजाएं हैं। दो हाथों में इन्होंने कमल लिए हैं। मां स्कंदमाता की गोद में भगवान स्कंद बाल रूप में विराजित हैं।

# गांधी किसी से माफी नहीं मांगताः राहुल

### 'मेरा नाम सावरकर नहीं, गांधी है, मैं यहां भारत के लोगों की लोकतांत्रिक आवाज की रक्षा करने के लिए हूं। ऐसा करता रहूंगा, मैं किसी से नहीं डरताः राहुल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद शनिवार को कहा कि वह लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रहे हैं और डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी अडाणी समूह से जुड़े सवालों से ध्यान भटकाने के लिए उन पर ओबीसी समुदाय के अपमान का आरोप लगा रही है।

**'अडाणी समूह पर सवाल पूछना जारी रखूंगा'**: राहुल गांधी ने कहा, "असली सवाल यह है कि अडाणी समूह में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, वो पैसा किसका है?"

उन्होंने दावा किया कि उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इससे डरे हुए थे कि वह फिर से सदन में



अडाणी मामले पर बोलेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, "अदाणी जी की शेल कंपनी हैं, उनमें 20 हजार करोड़ रुपया किसी ने निवेश किया है, ये पैसे किसके हैं? यह सवाल मैंने पूछा। मोदी जी और अडाणी जी के रिश्ते के बारे में पूछा। मेरी बातों को सदन की कार्यवाही से हटाया गया।"

**'अदाणी मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए खेला जा रहा खेल'**: राहुल ने ओबीसी समुदाय के अपमान करने के भाजपा के आरोप पर कहा कि मैंने हमेशा भाईचारे की बात की है, यह (मोदी सरनेम पर टिप्पणी मामला) ओबीसी के बारे में नहीं है। अयोग्य ठहराने, मंत्रियों द्वारा आरोप लगाने का पूरा खेल अदाणी मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए खेला गया। अगर वे मुझे स्थायी रूप से भी अयोग्य करार दे देते हैं तब भी मैं अपना काम करता रहूंगा। मैं यहां भारत के लोगों की लोकतांत्रिक आवाज की रक्षा करने के लिए हूं। ऐसा करता रहूंगा, मैं किसी से नहीं डरता।

### 'अयोग्य ठहराए जाने से मुझे फर्क नहीं पड़ता'

**राहुल** ने कहा, मुझे अयोग्य ठहराया गया, क्योंकि प्रधानमंत्री मेरे अगले भाषण से डरे हुए थे जो अदाणी पर होने वाला था। मैंने उनकी आखों में यह डर देखा है। उन्होंने कहा कि मुझे सदस्यता मिले या नहीं मिले। मुझे स्थायी रूप से अयोग्य ठहरा दें, मुझे फर्क नहीं पड़ता कि संसद के अदंर रहूं या नहीं रहूं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का कहना था।

### 'मेरा नाम गांधी, गांधी किसी से माफी नहीं मांगता'

**विपक्षी** एकता के मुद्दे पर राहुल ने कहा कि मेरा समर्थन करने के लिए मैं सभी विपक्षी दलों का आभार व्यक्त करता हूं, हम सभी मिलकर काम करेंगे। राहुल से जब एक पत्रकार ने मानहानि मामले में माफी मांगने को लेकर सवाल किया तो राहुल ने कहा कि मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गांधी है। गांधी किसी से माफी नहीं मांगता।

### 'क्या नाखून कटाकर राहुल ने शहीद होने की कोशिश की'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** नेता रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि राहुल पर मानहानि के 60 मामले चल रहे हैं। राहुल पर केस दर्ज हुआ सूरत में। उनके पास बड़े-बड़े वकीलों की फौज है। राज्यसभा और लोकसभा में बड़े बड़े वकील हैं। आखिर क्यों राहुल के मामले में वे लोग सूरत कोर्ट में नहीं गए। यही पवन खेड़ा का मामला था तो बड़े बड़े वकीलों की फौज उनके मामले में पहुंच गई थी।

## कांग्रेस के लिए समस्या हैं राहुल गांधीः सीएम शिवराज सिंह चौहान



**भोपालः मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। सीएम चौहान न राहुल गांधी को कांग्रेस के लिए समस्या बताया। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के लोग मुंह पर ताला लगा कर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी आपने अपने मुंह पर ताला तब क्यों नहीं लगाया, जब आप अपने मुंह से मोदी जी के जाति के बारे में अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे।" सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सवाल किया, "जिस ढंग से राहुल गांधी ने जाति का अपमान किया है, ओबीसी का अपमान किया, आपको किसने हक दिया ओबीसी को अपमानित करने का।"

**सीएम शिवराज सिंह चौहान ने किया सवालः** सीएम चौहान ने सवाल किया कि क्या पिछड़े वर्ग में पैदा होना पाप है? क्या केवल पिछड़े वर्ग के होने के कारण किसी का भी अपमान किया जाएगा। आप अपने आप को राजा-महाराजा से कम नहीं समझते हैं। यह ताला आपके मुंह पर उस समय लगना था, जब आपने न्यायपालिका का अपमान किया। आप क्या-क्या बोलते हैं।

## 'सरकार और न्यायपालिका के बीच मतभेद का मतलब टकराव नहीं'



**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**केंद्रीय** कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव की बात से इनकार किया है। शनिवार को अपने एक बयान में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद जरूरी हैं लेकिन उन्हें टकराव के रूप में पेश नहीं किया जाना चाहिए। तमिलनाडु के मदुरई में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और मद्रास हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस टी राजा की मौजूदगी में कानून मंत्री ने ये बात कही। कानून मंत्री ने कहा कि 'हमारे बीच मतभेद हैं लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे बीच टकराव है। इससे पूरी दुनिया में गलत संदेश जाता है।

## बिहार में हिंदू राष्ट्र के बैनर पर गिरफ्तारी



**टीम एक्शन इंडिया/दरभंगा**
**हिंदू** नववर्ष पर दरभंगा में हिंदू राष्ट्र लिखा बैनर लगाने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई की। पुलिस ने देर शाम विश्व हिंदू परिषद के सह जिला मंत्री राजीव प्रकाश मधुकर को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में 4 नामजद और 100 अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बताया जा रहा कि राजीव प्रकाश मधुकर को शांति समिति की बैठक में आमंत्रण दिया गया था। बैठक से लौटने के दौरान उनकी गिरफ्तारी की गई। मुस्लिम संगठनों ने डीएम-एसपी से पोस्टर को लेकर शिकायत की थी। इसके बाद ये कार्रवाई हुई है। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लहेरियासराय थाने में पहुंचकर आक्रोश व्यक्त किया। इधर, भाजपा के नगर विधायक संजय सरावगी भी थाना पहुंचे।

## नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण मेंः शाह



**टीम एक्शन इंडिया/जगदलपुर**
**बस्तर** में सीआरपीएफ ने अपना 84वां स्थापना दिवस मनाया। करनपुर कैंप में कोबरा के 201/204 बटालियन के परेड ग्राउंड में कार्यक्रम हुआ। अलग-अलग सेक्टर के जवानों ने परेड की। इस बीच गृहमंत्री ने परेड की सलामी ली। जवानों को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अब अंतिम चरण में है। अमित शाह ने कहा मैं बस्तर में खड़ा होकर आप लोगों के बीच बोल रहा हूं। आज नक्सलियों का जो खात्मा हो रहा है। ये सीआरपीएफ की बदौलत है। अमित शाह बोले, सीआरपीएफ का जन्म लौह पुरुष सरदार पटेल ने किया था। एक बटालियन से शुरू हुई सीआरपीएफ आज देश के सभी कोने में मौजूद है। अगर कहीं से अप्रिय घटना की खबर आती है और फिर पता चलता है कि, वहां सीआरपीएफ की टीम पहुंच जाती है, तो मेरी चिंता खत्म हो जाती है, क्योंकि मैं जानता हूं जहां सीआरपीएफ है, वहां सब कुछ अच्छा होगा।

### हिंसा की घटनाओं में आई है कमीः शाह

**अमित** शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर से लेकर सुदूर के जनजातीय इलाकों तक शांति एवं विकास के कार्यों को स्थापित करने में सीआरपीएफ के जवानों ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। 2010 की तुलना में देश में वामपंथी उग्रवाद हिंसा की घटनाओं में 76 फीसदी की गिरावट हुई है।

## 'कर्नाटक ने डबल इंजन सरकार की वापसी का मन बना लिया'

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार को एक बार फिर कर्नाटक पहुंचे। राज्य में उनका इस साल का ये 7वां दौरा है। प्रधानमंत्री ने दावणगेरे में भाजपा के विजय संकल्प यात्रा के समापन समारोह में रोड शो किया फिर जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा- कि आज सुखद संयोग है। आज विजय संकल्प रैली हो रही है और उसी समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लकार्जुन खड़गे की कर्मभूमि कलबुर्गी में हमारे पार्टी ने मेयर और



डिप्टी मेयर का चुनाव जीत लिया। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर में भाजपा का विजय डंका बज गया। यह एक प्रकार से विजय संकल्प रैली का शुभ संकेत है कि विजय यात्रा आरंभ हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया पर भी निशाना साधा।

### विजन के अनुरूप

= प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया पर भी निशाना साधा।

मोदी ने कहा- सोशल मीडिया पर कल मैंने कर्नाटक का एक वीडियो देखा। एक पार्टी के बड़े नेता कर्नाटक के पूर्व सीएम अपनी ही पार्टी के एक कार्यकर्ता को सार्वजनिक रूप से थप्पड़ मारने का आनंद ले रहे थे।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीआरपीएफ के 84वें स्थापना दिवस पर बधाई दी। 2249 शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

## यूपी की पहचान अब उपद्रवी नहीं उत्सव हैंः योगी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**यूपी** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश की जनता के सामने भाजपा सरकार की छह साल की उपलब्धियों का ब्यौरा पेश किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमने छह साल में प्रदेश को लेकर लोगों की धारणा बदलने का काम किया है। अब यूपी की पहचान उपद्रवियों से नहीं उत्सवों से है। अब प्रदेश माफियाओं के कारण नहीं बल्कि महोत्सव के कारण जाना जाता है। उन्होंने कहा कि हमने नया यूपी बनाया है। छह वर्ष पहले लोग कहते थे कि यूपी में कभी विकास नहीं हो सकता है पर आज पूरा प्रदेश विकास की दौड़ में पहले स्थान पर जगह बना रहा है। उन्होंने कहा कि ये वही उत्तर प्रदेश है जो छह साल पहले हर दूसरे तीसरे दिन दंगा होने और परिवारवाद के कारण जाना जाता था पर अब यूपी की नई छवि देश और दुनिया के सामने है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने यूपी में पुलिस सुधार किए। प्रदेश में सात पुलिस कमिश्नरेट बने। तहसील के स्तर पर फायर ब्रिगेड बने। हर जिले में पुलिस के लिए बैरक बनाए जा रहे हैं और साइबर थानों की स्थापना हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते छह वर्षों में प्रदेश में रोजगार और निवेश के लिए माहौल बना है। सरकारी नौकरियों में जातिवाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद को खत्म किया गया है। सरकारी योजनाओं का लाभ देने में न तो जातिवाद होता है और न ही भ्रष्टाचार। हर किसी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### उपलब्धियों का ब्यौरा

= हमने छह साल में प्रदेश को लेकर लोगों की धारणा बदलने का काम किया है। अब यूपी की पहचान उपद्रवियों से नहीं उत्सवों से है।

## अप्रैल में 15 दिन बैंकों में नहीं होगा कामकाज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नया** वित्त वर्ष 2023-24 शुरू होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं। इसके पहले महीने यानी अप्रैल में बैंकों में 15 दिन कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर 9 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इनके अलावा 5 रविवार और 2 शनिवार को भी बैंक बंद रहेंगे।

**दो दिन की छुट्टी से होगी महीने की शुरूआत**: इस महीने की शुरूआत दो दिनों की छुट्टी के साथ होगी। 1 अप्रैल को बैंक खातों की सालाना क्लोजिंग और 2 अप्रैल को रविवार के कारण बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इसके बलावा अप्रैल में इस बार अंबेडकर जयंती, महावीर जयंती, ईद-उल-फित्र सहित कई और मौकों पर बैंक बंद रहेंगे। इस महीने अलग-अलग जगहों के हिसाब से 3 लॉन्ग वीकेंड पड़ रहे हैं।

## कर्नाटक के दावणगेरे में पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक



**बेंगलुरू**: कर्नाटक दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। पीएम मोदी बेंगलुरु में भाजपा के विजय संकल्प यात्रा के समापन समारोह में रोड शो कर रहे थे। इस दौरान एक शख्स उनकी सुरक्षा घेरा तोड़कर पीएम की तरफ बढ़ने लगा। फिलहाल उसे हिरासत में ले लिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां आरोपी से पूछताछ कर रही हैं। पीएम वहां युवा महोत्सव का उद्घाटन करने पहुंचे थे। मामले का वीडियो भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि सड़क के दोनों तरफ भारी भीड़ है। लोग पीएम मोदी जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। इसी बीच एक शख्स पीएम मोदी तक पहुंचने की कोशिश करने लगा। उनकी गाड़ी की तरफ तेजी से दौड़ने लगा। तभी वहां पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया।

## 'लीगल प्रोफेशन में महिला-पुरुष अनुपात निराशाजनक'

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**सुप्रीम** कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि कोर्ट-कचहरी से जुड़े पेशे में महिला और पुरुषों का अनुपात निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पुरुषों के समान ही मौके दिए जाने चाहिए। युवा और काबिल महिला वकीलों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि चैंबर में महिला को रखने से पहले बहुत सोचा जाता है। यह माना जाता है कि उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां उनके ऑफिस के कामकाज में रुकावट बनेंगी।



जस्टिस चंद्रचूड़ ने बताया कि तमिलनाडु में लीगल प्रोफेशन में 50 हजार पुरुष एनरोल्ड (नामांकित) हैं जबकि महिलाओं की संख्या मात्र 5 हजार है। यह स्थिति पूरे देश में एक जैसी है। लीगल प्रोफेशन में महिलाओं को बराबरी से मौके नहीं दिए जा रहे। समय बदल रहा है, हाल ही में डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशियरी में हुई भर्तियों में 50 पर्सेंट से अधिक महिलाएं हैं। हमें महिलाओं की प्रोग्रेस के लिए समान अवसर पैदा करने होंगे। चीफ जस्टिस तमिलनाडू के माइलादुत्रयी में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में हुए एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### निशाना बनाया

= महिलाओं को पुरुषों के समान ही मौके दिए जाने चाहिए। युवा और काबिल महिला वकीलों की कोई कमी नहीं है

## कोरोनाः स्वास्थ्य मंत्रालय-आईसीएमआर की राज्यों को चिट्ठी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने कोरोना वायरस की जांच को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच लिखी गई इस चिट्ठी में सभी राज्यों कोरोना की जांच की रफ्तार बढ़ाने और हालात पर बारीकी से नजर रखने को कहा गया है। दरअसल, पिछले 24 घंटे में 1590 लोगों में संक्रमण की पुष्टि की गई है। इस दौरान छह संक्रमितों की मौत भी हुई है। 146 दिनों में यह कोरोना के एक दिन का सबसे अधिक केस है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, पिछले पांच हफ्तों में देश में संक्रमण के मामलों में नौ गुना तक बढ़ोतरी आई है।

## 'व्यापार मॉडल पर रखें बारीकी से नजर'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को विभिन्न वित्तीय स्वास्थ्य मानकों पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। यह समीक्षा बैठक अमेरिका और यूरोप में कुछ अंतरराष्ट्रीय बैंकों की विफलता से उत्पन्न वर्तमान वैश्विक वित्तीय परिदृश्य के आलोक में आयोजित की गई।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की समीक्षा बैठक के दौरान वित्त मंत्री ने नियामक ढांचे का पालन करते हुए जोखिम प्रबंधन, जमा के विविधीकरण और संपत्ति आधार



पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। वित्त मंत्री ने रेखांकित किया कि सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों को तनाव बिंदुओं की पहचान के लिए अपने व्यापार मॉडल को बारीकी से देखना चाहिए। उन्होंने बैंकों को विस्तृत संकट प्रबंधन और संचार रणनीतियों को तैयार करने के लिए इस अवसर का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। बैंकों द्वारा वित्त मंत्री को यह भी बताया गया कि वे वैश्विक बैंकिंग क्षेत्र के घटनाक्रम के प्रति सतर्क हैं और किसी भी संभावित वित्तीय झटके से खुद को बचाने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। सभी प्रमुख वित्तीय मापदंड यह संकेत देते हैं कि पीएसबी की मजबूत वित्तीय स्थिति है। वित्त मंत्री ने बैंकों को ब्याज दर जोखिमों के बारे में सतर्क रहने और नियमित रूप से तनाव परीक्षण करने की सलाह दी।

### सलाह दी

= सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ वित्त मंत्री ने की समीक्षा बैठक, कहा अपने व्यापार मॉडल पर रखें बारीकी से नजर

**प्राकृतिक न्याय के खिलाफ** जनप्रतिनिधि के किसी मामले में दोषी करार होने और कम से कम दो साल की सजा मिलने पर संसद सदस्यता अपने आप खत्म हो जाती है

## जनप्रतिनिधित्व कानून के सेक्शन 8 (3) को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मानहानि** केस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने के बाद रिप्रेजेंटेटिव्स ऑफ द पीपुल एक्ट, 1951 के सेक्शन 8 (3) को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस सेक्शन के तहत किसी जनप्रतिनिधि के किसी मामले में दोषी करार होने और कम से कम दो साल की सजा मिलने पर उसकी संसद सदस्यता अपने आप खत्म हो जाती है। इस याचिका में कहा गया है कि अपराध किस प्रकार का है और कितना गंभीर है, ये देखे बिना जनप्रतिनिधि की सदस्यता खत्म कर देना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है।



इस जनहित याचिका को पीएचडी स्कॉलर और सोशल एक्टिविस्ट आभा मुरलीधरन ने दाखिल किया है।

**सेक्शन 8 (3) इसी एक्ट के बाकी सेक्शन से एकदम उलट है:** जनप्रतिनिधित्व एक्ट, 1951 का सेक्शन 8 (3) भारतीय संविधान की शक्ति के दायरे से ही बाहर है क्योंकि यह इसी एक्ट के सेक्शन 8 (1), 8A, 9, 9A, 10, 10A और 11 से एकदम उलट है। याचिका के मुताबिक, सेक्शन 8 (3) किसी सांसद को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने से रोकता है, जिन्हें पूरा करने के लिए संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की जनता ने उन्हें चुना है। लोकतंत्र के सिद्धांत के खिलाफ है।

**सेक्शन 8(3) खुद ही अपना खंडन करता है, इससे चीजें अस्पष्ट होती हैं:** किसी सांसद की सदस्यता भंग करने के लिए इस एक्ट के सेक्शन 8(1) में अलग-अलग तरह के अपराधों को अलग-अलग कैटेगरी में रखा गया है। लेकिन, सेक्शन 8(3) सिर्फ सांसद को दोषी ठहराए जाने और सजा मिलने के आधार पर ही उसकी संसद सदस्यता को खत्म कर देता है। दोनों प्रावधान परस्पर विरोधी हैं और सेक्शन 8(3) यह साफ नहीं कर पाता है कि सांसद को डिस्क्वालिफाई करने के पीछे कौन सी प्रकिया निभाई गई है।

### याचिका दाखिल

= अपराध किस प्रकार का है और कितना गंभीर है, ये देखे बिना जनप्रतिनिधि की सदस्यता खत्म कर देना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है।

# राहुल गांधी मुद्दे पर सत्ताधारी पार्टी का सदन को स्थगित करना दुर्भाग्यपूर्ण : जयराम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा की कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के ऊपर सूरत कोर्ट में महारानी का मामला चल रहा था, जिसके अंतर्गत उन्हें 2 साल की सजा सुनाई गई। इसके उपरांत भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 (1) रिप्रेजेंटेशन आफ पीपल्स एक्ट 1951 की धारा 8 के अंतर्गत स्पष्ट लिखा है को अगर किसी सांसद या विधायक को किसी अपराध में दोषी ठहराया जाता है और उसे 2 साल या इससे ज्यादा समय के लिए सजा सुनाई जाती है तो उसकी संसद या विधानसभा की सदस्यता खत्म हो जाती है। इसे पूर्ण रूप से स्पष्ट होता है कि राहुल गांधी की सदस्यता किसी राजनीतिक प्रेरणा से समाप्त नहीं की गई है अन्यथा भारत के संविधान हेतु समाप्त की गई है।

**8 राहुल गांधी के ऊपर मानहानि के अनेकों मामले भारत में चल रहे हैं जिसमें से 2014 और 2016 के मामले हमारे समक्ष है**

अगर यह निर्णय सामने आया है तो कोर्ट के आदेशों और संविधान की पालना के अनुरूप आया है, पर कल जो विधानसभा में हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था जब प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्री जो की संविधानिक पदों पर रहकर विधानसभा का बहिष्कार करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए बाहर निकल गए, यह सरकार के संविधानिक पदों पर बैठे प्रतिनिधियों को शोभा नहीं देता।



उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक दल ने पॉइंट ऑफ आर्डर के अंतर्गत राहुल गांधी मुद्दे पर चर्चा की मांग की पर सभी कांग्रेस के नेता विधानसभा से उठ गए और विधानसभा के हाउस को स्थगित कर दिया गयाए यह ठीक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता है और उनकी आदत बन चुकी है कि वह अपने भाषण में आम जनता और आम विभिन्न सामाजिक समुदाय की भावनाओं को वह बार बार ठेस पहुंचाते हैं, ऐसी एक घटना नहीं है अनेकों घटनाएं हो चुकी है और अब तो ऐसी घटनाएं देश तक सीमित नहीं रही है विदेश में भी राहुल गांधी द्वारा की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के ऊपर मानहानि के अनेकों मामले भारत में चल रहे हैं जिसमें से 2014 और 2016 के मामले हमारे समक्ष है। सर्वोच्च न्यायालय ने 11 जुलाई 2013 को अपने फैसले में कहा था कि कोई भी सांसद या विधायक निचली अदालत से दोषी करार दिए जाने की तारीख से ही संसद या विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित हो जाएगा, इस फैसले के उपरांत कानून ने केवल अपना कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि किसी सांसद ने अपनी सदस्यता इस कानून के अंतर्गत रद्द की गई है, 1976 में सुब्रह्मण्यन स्वामी, 1978 में इंदिरा गांधी, 2005 में 11 सांसद, 2013 में लालू प्रसाद यादव जैसे कई नेताओं ने अपनी सदस्यता इस कानून के अंतर्गत खोई है।

# हमीरपुर नगर परिषद को नगर निगम बनाने के लिए खाका बनकर हुआ तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**



हमीरपुर नगर परिषद को नगर निगम बनाने के लिए खाका बनकर तैयार हो गया है तथा इसे शहरी विकास निदेशालय को भेज दिया गया है। नगर निगम में हमीरपुर नगर परिषद हमीरपुर का समस्त क्षेत्र तथा इसके साथ लगती 14 पंचायतों को चुना गया है तथा पंचायतों द्वारा इसके लिए अनातपत्ति प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया है। अभी तक शहरी विकास निदेशालय की तरफ से किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज नहीं की गई है। स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिह सुख्खु इस सारी कवायद पर नजर रखे हुए है। इस सम्दर्भ में जानकारी देते हुए नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी अक्षित गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुख्खु द्वारा की गई घोषणा के बाद सरकार ने इस सम्दर्भ में रूपरेखा तैयार करने का कहा था, जिसे तैयार करके, शहरी विकास निदेशालय को भेज दिया गया है तथा इसमें अभी तक किसी तरह के बदलाव के लिए नहीं कहा गया है, जो कि सम्भावित है। गुप्ता ने बताया कि हमीरपुर नगर परिषद क्षेत्र और इसके साथ लगती 14 पंचायतों को इसमें शामिल किया गया है।

# विश्व तपेदिक दिवस पर एसडीएम गुंजित सिंह चीमा भी रहे मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पांवटा साहिब के सिविल अस्पताल में रोटरी क्लब ने वर्ल्ड टीवी डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें एसडीएम गुंजित सिंह चीमा ने मुख्य अथिति शिरकत की। इस दौरान पांवटा शहर के आस पास के लगभग 550 टीबी रोगियों को तिरुपति ग्रुप द्वारा प्रोटीन पाउडर उपलब्ध कराया गया। रोटरी पांवटा ने वर्ल्ड टीबी डे पर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पांवटा वा आस पास के लगभग 550 टीबी रोगियों को तिरुपति ग्रुप द्वारा स्पॉन्सर्ड प्रोटीन पाउडर उपलब्ध कराया।



टीबी रोग के उन्मूलन बारे प्रयासरत सरकार का साथ रोटरी क्लब पूरी दुनिया में बखूबी निभा रहा है।

इसी प्रयास में रोटरी पांवटा ने कदम बढ़ाते हुए प्रोटीन पाउडर की तीसरी किश्त बीएमओ पांवटा को सुपुर्द की। मुख्य अतिथि एसडीएम पांवटा जी एस चीमा ने रोटरी पांवटा व तिरुपति ग्रुप की जमकर तारीफ की, साथ ही उन्होंने आशा वर्कर्स का भी हौसला बढ़ाया। बीएमओ पांवटा व सीनियर रोटेरियन डॉक्टर सबलोक ने टीबी की बीमारी बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# 2100 दीपों से जगमगएगा मां सिद्ध काली का मंदिर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

प्राचीन सिद्धकाली मंदिर मंडी में चैत्र नवरात्र के अष्टमी पर्व पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा जिसमें मंदिर परिसर में 2100 दीप जलाए जाएंगे। मंदिर के पुजारी जगदीश ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी प्राचीन सिद्ध काली मंदिर में नवरात्र पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मां की प्रतिदिन विधिवत रूप से पूजा अर्चना के साथ अद्भुत श्रृंगार किया जाता है जो रामनवमी तक निरंतर जारी रहेगा।

रामनवमी के दिन प्राचीन सिद्ध काली मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमें समस्त मंडी निवासी पूर्णआहुति डालकर मंगल जीवन की कामना करेंगे।

पुजारी जगदीश ने बताया कि इस मर्तबा माता सिद्धकाली मंदिर में 2100 दीपों के साथ महाआरती आयोजित की जाएगी जिसमें मंडी के हर घर से लोग दीप जलाकर महाआरती में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि नवरात्र के समापन अवसर पर मंदिर परिसर में कन्या पूजन के साथ भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी श्रद्धालुओं को मां का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष और महासचिव ने संभाला पदभार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

गुरुद्वारा प्रबंधक समिति पांवटा साहिब की बैठक गत दिवस गुरुद्वारा में आयोजित की गई। इस बैठक में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा संचालित किए जा रहे बीकेडी स्कूल, विकास कार्य और गुरुद्वारा के चुनाव संबंधी चर्चा की गई। साथ ही समिति के उपाध्यक्ष और महासचिव के चुनाव के अलावा वर्ष 2023-2024 के बजट पर भी चर्चा की गई। समिति की बैठक में गर्ल्स डिग्री कॉलेज और बीकेडी स्कूल को विशेष मंजूरी दी गई। इस बैठक में पांवटा साहिब के गुरुद्वारे का



वार्षिक बजट 2023-24 को लेकर भी मंथन किया गया। यह बैठक में हरिंदर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में चंडीगढ़ स्थित समिति के उप कार्यालय को भी स्वीकृति दी गई। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के प्रधान हरभजन सिंह और मैनेजर जागीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक दो वर्ष बाद गुरुद्वारा प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष और महासचिव का चुनाव करवाती है। उन्होंने कहा कि इस बार सर्वसम्मति से जोगा सिंह को उपाध्यक्ष, जबकि हरप्रीत सिंह रतन को महासचिव मनोनीत किया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### जोगिंद्रनगर प्रशासन द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

नगर परिषद के पार्षद अजय धरवाल ने ब्यान में कहा है कि कांग्रेस पार्टी की सरकार को कार्य करते हुए 100 दिन से अधिक का समय हो गया है। लेकिन जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं के लिए ये 100 दिन जोगिंद्रनगर के प्रशासन की कार्यप्रणाली को देखते हुए हतोत्साहित करने वाले ही हैं। पीछे हुए विधानसभा चुनावों में नगर परिषद क्षेत्र में लगने वाले छह बूथों से कांग्रेस प्रत्याशी को लगभग 1000 मतों की लीड रही इसी प्रकार पीछे लोकसभा चुनावों में नगर परिषद के छह बूथों में से पांच पर कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी को लीड रही। धरवाल ने कहा पार्टी की सरकार होते हुए भी दिन रात पार्टी के लिए काम करने वाले कार्यकताओं की प्रशासन अनदेखी कर रहा है।

### एचडीएफसी लाइफ ने एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस के लॉन्च के साथ रिटायरमेंट पोर्टफोलियो मजबूत किया

**शिमला:** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने स्मार्ट पेंशन प्लस लॉन्च किया है एक ऐसी योजना जो ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद नियमित और गारंटीशुदा आय के रूप में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो बचत करना चाहते हैं और खुद के लिए एक वित्तीय सुरक्षा जाल बनाना चाहते हैं और अपने स्वर्णिम वर्षों में सेवानिवृत्ति के बाद अपनी वर्तमान जीवन शैली को जारी रखने में सक्षम बनाता हैं। सीधे शब्दों में कहें तो यह वार्षिकी उत्पाद ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद उनकी मनचाही जिंदगी जीने में सक्षम बना सकता है।अनीश खन्ना, हेड,प्रोडक्ट्स एंड सेगमेंट एचडीएफसी लाइफ ने कहा, भारत में रिटायरमेंट सेविंग गैप 2050 तक 85 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। बढ़ती महंगाई,बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल लागत और उच्च जीवन प्रत्याशा के साथ यह अनिवार्य है कि व्यक्ति अपनी कमाई के वर्षों से परे एक नियमित आय की योजना बनाएं।हमारी नवीनतम पेशकश एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस एक अनूठी वार्षिकी योजना है जिसे सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है।

# सभी लोग निर्धारित समयावधि पर अपना आधार कार्ड करवायें अपडेट

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

उपायुक्त सिरमौर आर.के.गौतम ने जिला के लोगों से आग्रह किया कि सभी लोग निर्धारित समयावधि पर अपना-अपना आधार अपडेट करवायें। उन्होंन कहा कि हर 10 साल के बाद आधार कार्ड अपडेट करवाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि 0 से 5 साल तक के बच्चों का नामांकन करवाने तथा 5 और 15 साल की आयु प्राप्त करने के बाद बच्चों के आवश्यक बायोमिट्रिक अपडेशन करवाना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी योजनाएं

**8 हर 10 साल के बाद आधार कार्ड अपडेट करवाना अनिवार्य है: उपायुक्त सिरमौर आर.के.गौतम**

आधार से लिंक हैं इसलिए सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी लोगों को निर्धारित समयावधि के दौरान अपने-अपने आधार कार्ड अपडेट करवाने चाहिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड में मोबाईल न.और ई-मेल अपडेट करवाना भी अनिवार्य हैं। उपायुक्त ने आधार केन्द्रों में नियुक्त सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी



व्यक्ति का गलत तरीके से आधार कार्ड न बनाया जाये। आधार कार्ड का नामांकन और अपडेशन केवल सरकार द्वारा निर्धारित वांछित डाक्यूमेंट और प्रक्रिया के उपरांत ही किये जाएं। सुरक्षा कारणों से भी आधार कार्ड पंजीकरण और अपडेशन का कार्य अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए संपूर्ण प्रक्रिया और वांछित दस्तावेजों के अनुरूप ही आधार नामांकन और अपडेशन किये जाएं।

, आर.के. गौतम ने कहा कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिन युवाओं ने 18 साल की आयु पूर्ण करने के बावजूद अपने आधार कार्ड नहीं बनवाये हैं उनके आधार कार्ड सम्बन्धित अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन के उपरांत ही बनाये जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिला में कुछ बुजुर्गों को आधार कार्ड नामांकन और अपडेशन में आ रही मुश्किलों के दृष्टिगत इसके समाधान के लिए मामला सरकार को प्रेषित किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सिरमौर मनेश यादव, परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण अभिषेक मित्तल, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति विभाग अनिल जसवाल, उप पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सतीश शर्मा, शिक्षा, स्वास्थ्य, डाक विभाग के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### तेलंगी गांव में बताया पोषण का महत्व, मोटे अनाजों से बने व्यंजनों की लगाई प्रदर्शनी

**शिमला**

देश व प्रदेश भर में तीन अप्रैल तक मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज जिला किन्नौर के तेलंगी गांव में महिला एवं बाल विकास विभाग किन्नौर द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकताओं को मोटे अनाज जैसे की कोदा, कावनी, रागी, फाफरा, ओगला, गुच्छी, दुकती, चापा इत्यादि के फायदों के बारे में जागरूक किया गया।

# नपं राजगढ़ की कोटली सड़क गड्ढों में तबदील-वाहन धारक परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

नगर पंचायत राजगढ़ के वार्ड न. 06 व 07 के कोटली गांव को जोड? वाली सडक बारिश के कारण गडडो में तबदील हो गई है जिस कारण इस वार्ड के अतिरिक्त साथ लगते चूनी, धेर व अन्य गांव के किसानों को अपने उत्पाद को मंडियों तक पहूंचाने में बहुत दिक्कत पेश आ रही है। लोगों के बार बार आग्रह के बाद भी नगर पंचायत द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बता दें कि वर्ष 2015 के दौरान नगर पंचायत द्वारा करीब सवा किलोमीटर इस सडक का निर्माण



किया गया था। जिसे बाद में आगे गांव चूनी तक जोड़ दिया गया था परन्तु पांच वर्ष बीत जाने पर भी इस सडक को पक्का करने के लिए नगर पंचायत द्वारा कोई पग नहीं उठाए गए। इस वार्ड के राकेश कुमार, धर्मपाल, रमेश, अमर सिंह, हेमराज ने बताया कि सडक में नालियां न होने के कारण यह सडक गडडों में परिवर्तित हो गई है जिस कारण गाड़ियों के टायर गडडों में फंस जाते है जिससे कई बार चैंबर को भी नुकसान हो जाता है। इसके अतिरिक्त कुछ लोगों ने इस रोड़ पर मकान के लिए भूमि खरीदी है जिनके द्वारा सडक पर निर्माण सामग्री फैंकी जा रही है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत की कार्यशैली पर सवाल उठाए है। सबसे अहम बात यह है कि इन वार्ड से चुने हुए पार्षद चार टर्म में अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में वार्ड नंबर सात से उपाध्यक्ष है परंतु इन वार्डों की आज किसी ने सुध नही ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि नप राजगढ़ का वार्ड न. छः और सात ग्रामीण परिवेश से जुड़ा है और इस वार्ड में अधिकांश लोग कृषक है। नगर पंचायत में यह क्षेत्र आने से विशेषकर किसानों को ग्राम पंचायत की तर्ज पर सुविधाऐं नहीं मिल पा रही है।

सडक की खस्ताहातल होने से वाहन चालक जान हथेली पर रखकर इस रोड़ पर वाहन चलाते है। इन वार्डों में पानी की सबसे ज्यादा समस्या है लोगों को सप्ताह में सिर्फ दो दिन थोड़ी देर के लिए पानी मिलता है जोकि नाकाफी है।

# तेलंगी गांव में बताया पोषण का महत्व, मोटे अनाजों से बने व्यंजनों की लगाई प्रदर्शनी



**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

देश व प्रदेश भर में 3 अप्रैल तक मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत गत दिवस जिला किन्नौर के तेलंगी गांव में महिला एवं बाल विकास विभाग किन्नौर द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकताओं को मोटे अनाज जैसे की कोदा, कावनी, रागी, फाफरा, ओगला, गुच्छी, दुकती, चापा इत्यादि के फायदों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी किन्नौर ओम प्रकाश बंसल द्वारा बताया गया कि मोटे अनाज के चलन को प्रोत्साहित करना जरूरी है। उन्होंने मोटे अनाज को अपनी दिनचर्या के खान पान में शामिल करने पर बल देते हुए कहा कि इन अनाजों में सभी आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं तथा यह हमारी दैनिक कैलोरी की मात्रा को पूरा करते हैं तथा उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि बीमारियों को दूर रखते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पोषण पखवाड़ा मनाने का मुख्य केंद्र बिंदु कुपोषण को दूर करने के लिए मोटे अनाजों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित आंगनवाडी कार्यकताओं और महिलाओं को अपने आस पास अन्य लोगों को भी जागरूक करने को कहा। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा स्थानीय मोटे अनाजों से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी व रंगोली का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान तेलंगी भूपेंद्र नेगी, उपप्रधान तेलंगी प्रशांत नेगी, कृषि विकास अधिकारी रूप लाल, भू-संरक्षण अधिकारी तरुण शर्मा, जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी हेमलता, पर्यवेक्षक एकीकृत बाल विकास योजना सरिता नेगी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, राजकीय प्राथमिक पाठशाला तेलंगी की अध्यापिकाएं व अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# वतन की आबरू का पास देखें कौन करता है, सुना है आज मकतल में हमारा इम्तिहान होगा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

शहीदी दिवस के अवसर पर सरदार पटेल विश्व विद्याालय हॉल में सागर सरहदी द्वारा लिखित नाटक भगत सिंह की वापसी का मंचन किया गया। इस अवसर पर सरदार पटेल विवि के कुलपति आचार्य डा. देवदत्त शर्मा और प्रतिकुलपति अनुपमा सिंह ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान रंगमंडल के कलाकारों द्वारा सागर सरहदी द्वारा लिखित और अयाज खान द्वारा निर्देशित नाटक भगत सिंह की वापसी सागर की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर डा.डीडी शर्मा ने कहा कि विवि परिसर में इस तरह के नाटकों का मंचन करवाकर युवा पीढ़ी को आजादी के महत्व और शहीदों की कुर्बानियों के बारे में जागरूक करवाना भी है। संस्थान की



सचिव सीमा शर्मा ने बताया कि यह नाटक आजादी के क्रांतिकारी आंदोलनों में शहीद भगत सिंह की भूमिका को रेखांकित करता है। यूं तो शहीद, आजम भगत सिंह के बलिदान पर अनेक नाटक और फिल्में दर्शकों तक पहुंची है। परंतु सागर सरहदी का नाटक भगत सिंह की वापसी वर्तमान समय में समाज के सामने खासकर युवाओं से तीखे प्रश्न पूछने की ताकत रखता है। नाटककार की कल्पना है कि यदि भगत सिंह आज फिर से जन्म लेकर उसी आत्मा के साथ हमारे सामने आकर खड़े हो जाएं और हमसे पूछे कि जिस आजाद्री को पाने के लिए हमने हंसते-हंसते फ ांसी के फं दे को चूम लिया था। इस देश के लिए अपनी जान न्योछावर की थी, क्या यह वही आजाद भारत है। जिसका तसव्वुर हमने किया था, क्या यह वही भारत है जहां अमीर गरीब का भेदभाव नहीं होगा। जहां छुआछूत नहीं होगी जहां संप्रदायिकता नहीं होगी, तब हमारे पास क्या उत्तर होगा। नाटक जब अपनी संपूर्णता को पहुंचता है तो नाटक के अंतिम दृश्य में भगत सिंह दर्शकों को संबोधित करते हुए कहते हैं कि मेरे और तुम्हारे बीच सिर्फ मौत की वादी है। यदि मैं जीवित होता तो अभी तुमसे एक एक चीज पर उंगली रख कर बताता कि तुम भगत सिंह हो, तुम आजाद हो, तुम गुरु राजगुरु हो, तुम सुखदेव हो और तुम उन से भी बढक? हो क्योंकि तुम जिंदा हो। आज यह जिम्मेदारी हम तुम पर डालते हैं। क्योंकि भगत सिंह की जरूरत 1931 में ही नहीं थी आज भी है। आज भी मजदूरों को उनका हक नहीं मिला है, आज भी किसान भूखा है। इसलिए राष्ट्र निर्माण के लिए क्रांति की शम्मां को बुझने मत दो। उसे रौशन करो और फिर से सोने की चिडिया कहे जाने वाले भारत का निर्माण करो। सागर सरहदी का नाटक भगत सिंह की वापसी एक सम सामयिक रचना होने के साथ-साथ भगत सिंह और उनके साथियों की बलिदान के लिए एक सच्ची रचनात्मक श्रद्धांजलि है। इस नाटक में चंद्रशेखर आजाद की भूमिका में राहुल भगत, भगत सिंहके रूप में फ्रेंडी, राजगुरु रोशन, सुखदेव विवेक विजय कुमार सिन्हा व नीलेश, बटुकेश्वर दत्त ओमकार, भगवतीचरण व नंबरदार नीरज, साइमन-जज ध्रुव, व टोडी, प्रॉसिक्यूटर्स देवांग, भगत सिंह की मां सीमा शर्मा ने अपना किरदार निभाया।

# राहुल गांधी की संसद सदस्यता न्यायालय के फैसले के आधार पर रद्द हुई न की राजनीतिक आधार पर: धूमल

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
देश के संविधान और कानून से ऊपर कोई भी नहीं है। चाहे वह कोई भी क्यूँ न हो। न्यायालय का निर्णय सर्वमान्य है। और कानून के आधार पर लोकसभा से राहुल गांधी की सदस्यता रद्द हुई है न की राजनीतिक आधार पर। कांग्रेस पार्टी को इसपर व्यर्थ में होहल्ला और शोर शराबा नहीं करना चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म होने के मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा मचाए जा रहे हो हल्ले पर प्रतिक्रिया देते हुए शुक्रवार को यह बात कही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा लोकसभा सचिवालय की कार्यवाही को गलत बोलना उचित नहीं है और न ही न्यायसंगत है।

**8 कांग्रेस द्वारा लोकसभा सचिवालय की कार्यवाही को गलत बोलना उचित नहीं है और न ही न्यायसंगत है**

लोकसभा सचिवालय की कार्यवाही पर कांग्रेस पार्टी के कानूनविद नेताओं द्वारा प्रश्न उठाना समझ से बाहर है। कांग्रेस पार्टी द्वारा मचाया जा रहा होहल्ला व्यर्थय देश के कानून को गलत ठहराना न ही उचित न ही न्यायसंगतः धूमल
पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 के अनुसार बिल्कुल स्पष्ट है कि यदि किसी जनप्रतिनिधि को 2 वर्ष या उससे अधिक की सजा होती है तो उसकी सदस्यता रद्द हो जाएगी। हालांकि तब जनप्रतिनिधि अपील करने अगले कोर्ट में जाते



थे और उनकी सदस्यता रदद् नहीं होती थी। लेकिन वर्ष 2013 में लिली थॉमस वर्सेस भारत सरकार केस में सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून में बदलाव करते हुए कहा कि 2 वर्ष या उससे अधिक की सजा होने पर तत्काल प्रभाव से जनप्रतिनिधि चाहे विधायक हो चाहे वह सांसद हो, की सदस्यता खत्म हो जाएगी भले ही वह अपील के लिए बड़े कोर्ट में जाते रहें। उस वक्त यूपी, की सरकार देश में थी और मनमनोहन सिंह तत्कालीन प्रधानमंत्री। मनमोहन सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को बदलने के लिए एक अध्यादेश लाया था की किसी भी जनप्रतिनिधि को 5 वर्ष या उससे अधिक की सजा होगी तभी उसकी सदस्यता रद्द होगी लेकिन तब राहुल गांधी ने उस अध्यादेश को बकवास बताते हुए सरेआम उसकी कॉपी फाड़ दी थी जिसकी बहुत चर्चा भी हुई थी।
पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने पर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे हो हल्ले पर प्रतिक्रिया
इस कानून को लेकर यूपीए सरकार का अध्यादेश लागू नहीं हो पाया और बाद में लालू प्रसाद यादव की सदस्यता गयी फिर आजम खान की गई और बाद में उनके बेटे की सदस्यता रदद् हुई। इस प्रकार आज तक सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले के आधार पर कई लोकसभा और विधानसभा सदस्यों की सदस्यता जा चुकी है। और सर्वोच्च न्यायालय के उसी फैसले के आधार पर आज कार्रवाई हुई है। राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता खत्म हुई है तो इसके ऊपर कांग्रेस पार्टी और उसके अन्य नेताओं को हो हल्ला नहीं करना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सूरत कोर्ट ने राहुल गांधी को दोषी पाया है और उन्हें 2 साल की सजा सुनाई है। जिस पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के आधार पर कारवाई करते हुए लोकसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता रद्द होने की सूचना जारी की है।

# लारी गांव में बिरशु मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
खराहल घाटी की ग्राम पंचायत चतानी के अंतर्गत लारी गांव में नए संवत के उपलक्ष्य पर बिरशु मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसमे स्टार कलाकार अजय कुमार, राज वर्मा, रेणुका एंड पार्टी ने अनेक प्रस्तुतियां दी कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर फ्रूटग्रोवर एसोसिएशन कुल्लू के अध्यक्ष एवम पुईद वार्ड से बीडीसी सदस्य लाल चंद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की उनके साथ चतानी वार्ड से बीडीसी सदस्य विशाल महंत, चतानी पंचायत से प्रधान शेर सिंह, कोट वार्ड से सदस्य, वार्ड सदस्य परमानन्द, लारी वार्ड से सदस्य दुनी चन्द, महिंदर सिंह, कला देवी विशेष तौर पर मौजूद रहे। वार्ड सदस्य दुनी चन्द ने इस अवसर पर स्वागत करते हुए बताया कि मेले हमारी संस्कृति को संजोए रखने में अहम भूमिका निभाते है। आज की युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति को संजोए रखने में आगे आना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### मॉन्डेलीज इंडिया ने कैडबरी डेयरी मिल्क गुड लक गर्ल्स प्रोग्राम के अंतर्गत बद्दी में एक मेगा टूर्नामेंट का आयोजन किया



**बद्दी:** मॉन्डेलीज इंडिया ने अभी चल रही कैडबरी डेयरी मिल्क गुड लक गर्ल्स पहल के तहत बद्दी में एक मेगा टूर्नामेंट का आयोजन किया ।विभिन्न खेलों में किशोरवय लड़कियों की खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने और उसे निखारने के लिये मॉन्डेलीज इंडिया ने मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के साथ मिलकर सितंबर 2021 में यह पहल शुरू की थी। खासकर बद्दी में 33 स्कूलों की 10000 से ज्यादा लड़कियों को क्रिकेट और कबड्डी में मार्गदर्शन और तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया ।इस आयोजन में एसडीएम श्री दिव्यांशु सिंघल और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मुक्ता रस्तोगी और सरकार के अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे। साथ ही मॉन्डेलीज इंडिया की बद्दी टीम भी उपस्थित रही। इस मेगा टूनार्मेंट में खेले गए मैचों में 11 स्कूलों की 8 टीमों ने हिस्सा लिया 4-4 टीमें जिन्होंने कबड्डी और क्रिकेट में हिस्सा लिया इन स्कूलों का प्रतिनिधित्वं 80 लड़कियों ने किया ।जमीनी स्तर पर लैंगिक बराबरी को बढ़ावा देते हुए इस टूर्नामेंट ने अपनी प्रतिभा दिखाने में लड़कियों की मदद की और उनके कौशल को निखारने के लंबे समय के लक्ष्य में योगदान दिया ।सुबह 11 बजे से शुरू हुआ 4 घंटे का टूर्नामेंट शिवालिक वैली स्कूल किरपालपुर स्कूाल के मैदान में आयोजित हुआ था जहाँ 150 लोग मौजूद थे। मॉन्डेलीज इंडिया के बद्दी प्लांट लीड अतुल कुलकर्णी ने कहा, हम बद्दी में कैडबरी डेयरी मिल्क गुड लक गर्ल्स प्रोग्राम के लिये बड़े टूर्नामेंट के सफल समापन से उत्साहित हैं। हमें पहुँच,प्रशिक्षण और खेल के मैदान पर पहचान को संभव बनाने में खेलों की ताकत पर भरोसा है और हम खेलने वाली लड़कियों को सहयोग देने के लिये प्रतिबद्ध हैं। संभावित खिलाड़ियों को सशक्त करने के नजरिये के साथ हम जमीनी स्तर पर अवसरों के द्वार खोलना जारी रखना चाहते हैं। हम उन सभी साझीदारों को धन्यवाद देना चाहते हैं जिन्होंने इस यात्रा में हमें सहयोग दिया है और हम खेलों में महिलाओं के लिये बराबरी की स्थिति के लिये अपनी कोशिशों जारी रखेंगे ।इस प्रोग्राम के जरिये मॉन्डेलीज इंडिया किशोरियों में आत्म विश्वास और खेल को लेकर महत्वपूर्ण कौशल निखारने में अहम भूमिका निभा रही है। मॉन्डेलीज इंडिया फूड्स प्राइवेट लिमिटेड पूर्व में कैडबरी इंडिया लि.भारत में 70 से ज्यादा वर्षों से मौजूद है ।कंपनी ने भारत में 1948 में कैडबरी डेयरी मिल्कं और बोर्नविटा की पेशकश की थी और तभी से वह देश में चॉकलेट कैटेगरी में अग्रणी है। यह कंपनी मॉन्डेलीज इंटरनेशनल का हिस्सा है ।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक अभिनव बचत उत्पाद आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड लॉन्च किया

**शिमला:** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड लॉन्च किया है जो ग्राहकों को उनकी विविध आय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक अतिरिक्त आय स्ट्रीम बनाने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया एक अभिनव दीर्घकालिक बचत उत्पाद है ।आजीवन आय की गारंटी प्राप्त करने के अलावा उत्पाद में जीवन बीमा घटक परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। ग्राहकों की आय की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए यह उत्पाद तीन प्रकारों में उपलब्ध है अर्थात तत्काल आय,बूस्टर के साथ तत्काल आय और विलंबित आय ।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर श्री अमित पलटा ने कहा,बढ़ती महंगाई कई उपभोक्ताओं को अपने पेशे से प्राप्त आय के अलावा गारंटीकृत आय का एक अतिरिक्त स्रोत बनाने के लिए प्रेरित कर रही है ।यह आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड को डिजाइन करने की उत्पत्ति थी। यह अभिनव दीर्घकालिक बचत उत्पाद ग्राहकों को बाजार के उतार.चढ़ाव से सुरक्षित आय का एक गारंटीकृत स्रोत प्रदान करता है ।तत्काल आय प्रकार का विकल्प चुनने वाले ग्राहक पॉलिसी जारी होने की तारीख से 30 दिनों के बाद आय प्राप्त करना चुन सकते हैं जिससे वे तुरंत आजीवन आय का एक पूरक स्रोत बना सकते हैं। जो ग्राहक तत्काल आय बूस्टर के साथ संस्करण खरीदते हैं वे जीवन भर की आय के अलावा हर पांचवें पॉलिसी वर्ष में अतिरिक्त गारंटीकृत आय प्राप्त करते हैं जो पॉलिसी जारी करने की तारीख से 30 दिनों के बाद शुरू होती है।

# जीवन में कालेज के दिन सबसे बढ़िया और यादगार होते हैं: चन्द्रशेखर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर के वार्षिक वितरण सामारोह में विधायक चन्द्रशेखर ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। कार्यक्रम में पहुँचने पर कालेज स्टाफ , अभिभावकों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए चन्द्रशेखर ने कहा कि जीवन में कालेज के दिन सबसे बढि?ा और यादगार होते है क्योंकि इसी उम्र में व्यक्ति में सोचने समझने की शक्ति विकसित होती है, साथ ही जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए भी महत्वपूर्ण होते है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश को जाति धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर बाँटने वाली शक्तियां काम कर रही है हमे इन सब से ऊपर उठकर अपनी समझ को विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग के सामने सबसे बढ़ी समस्या बढ़ रही नशे को प्रवृति है। जो विधार्थी नशे का आदी हो जाता है वह अपने साथ साथ अपने माता पिता के सपनो को भी मार देता है इसलिए हम सबको समाज में बढ़ रही नशे की कुप्रथा को समाज से समाप्त करना होगा।
उन्होंने कार्यक्रम में समान्नित होने वाले विद्यार्थियों उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि अन्य बच्चों को इनसे प्रेरणा लेते हुए खुद को प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा।

# सड़क दुर्घटना में और कमी लाई जाए, बैठक में रणनीति तैयार: मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
हिमाचल प्रदेश में सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के मकसद से शिमला में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पुलिस विभाग व लोक निर्माण विभाग की संयुक्त बैठक ली। जिसमें आगामी 6 से 8 महीने का कार्य योजना तैयार की गई है। लोक निर्माण विभाग को खस्ताहाल सडकों को दुरुस्त करने व ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करने के मंत्री ने निर्देश दिए हैं, ताकि सडक हादसों में कमी आए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हर वर्ष हजारों लोग सडक दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं, हालांकि स्पर्श पिछले वर्षों की



तुलना में इसमें कमी जरूर आई है। लेकिन भविष्य में किस तरह से सडक दुर्घटना में और कमी लाई जाए इसको लेकर बैठक में रणनीति तैयार की गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जो दुर्घटना संभावित स्थान है और ब्लैक स्पॉट या साइन बोर्ड लगाने की जहां जरूरत है उनको चिन्हित करके ठीक किया जाए। इसके अलावा टेलीकॉम विभाग से भी कुछ इस तरह का मैकेनिज्म तैयार करने को लेकर बातचीत की जाएगी। जिससे लोगों को उनके मोबाइल फोन पर उस जगह की सडक कंडीशन और अन्य जोखिमों की जानकारी मिल सके जहां वो ट्रैवल करने निकलते हैं। क्योंकि जानकारी के अभाव में भी कई बार पर्यटक हादसे का शिकार हो जाते हैं।

# मोटे अनाज में छिपा है पोषण का खजाना

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
नादौन में पोषण अभियान के अंतर्गत मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को आंगनवाड़ी वृत्त बड़ा में एक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों डॉ.दिनेश भाटिया और डॉ.नवनीत जरियाल ने उपस्थित महिलाओं तथा अन्य लोगों को मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, कुटकी, कंगनी, कोदो तथा रागी आदि के फसल चक्र बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान मोटे



अनाजों की खेती के बारे में विस्तृत चर्चा की गई तथा लोगों को भविष्य में इनकी खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग ने इन मोटे अनाजों के महत्व बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज में पोषण का खजाना छिपा है। संजय गर्ग ने बताया कि यदि हम अपने दैनिक आहार में मोटे अनाज का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आने वाले कुछ ही वर्षों में कुपोषण और अनीमिया जैसी समस्याएं जड़ से समाप्त हो जाएंगी।

## सहकारी सभा टब्बा का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
दी टब्बा कृषि सेवा सहकारी सभा का वार्षिक साधारण अधिवेशन शनिवार को प्रधान यशपाल सिंह रायजादा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वार्षिक अधिवेशन की कार्यवाही सभा सचिव राजीव राणा द्वारा संचालित की गई।
बैठक में सभा के गत वर्ष के आय-व्यय ब्यौरा, व्यापारिक खाता, लाभ-हानि खाता व बैलेंस शीट का पूरा विवरण जनसमूह और खाता धारकों के समक्ष पेश किया गया।

# वित्तीय जागरूकता व साक्षरता शिविरों के आयोजन को लेकर बैंक प्रबंधन रखें प्राथमिकता



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला लाहौल स्पीति में वित्तीय जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता शिविरों के आयोजन से लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के मकसद से प्रदेश व केंद्र सरकार की विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों से जुड़ी योजनाओं पर जिला के सभी बैंक प्रबंधन प्राथमिकता रखें। यह निर्देश उपायुक्त जिला लाहौल स्पीति सुमित खिमटा ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित समस्त बैंकों की 48 वीं जिला स्तरीय जिला सलाहकार समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उपायुक्त सुमित खिमटा ने जिला के सभी बैंक प्रबंधन अधिकारियों को यह भी कहा कि जिला में विभिन्न पंचायतों में स्वयं सहायता समूहों के हित धारकों सहित महिलाओं की वित्तीय साक्षरता शिविरों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित बनाने के लिए तय मापदंडों के अनुरूप जल्द शेड्यूल जारी करें और उद्योग कृषि उद्यान व ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी भी समन्वय स्थापित करें। ताकी लोगों को शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके। समीक्षा बैठक में विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा संचालित जनहित से जुड़े विकासात्मक मुद्दों पर नाबार्ड के डीडीएम ऋषभ ने उपायुक्त सुमित खिंमटा को विस्तारपूर्वक जानकारी दी।
चर्चा के दौरान जिला अग्रणी प्रबंधक नोरबू छेरिंग ने बताया कि जिला में वार्षिक साख योजना 2022-23 के अंतर्गत 31 दिसंबर 2022 तक विभिन्न बैंक शाखाओं के लिए कुल वार्षिक खंडीय ऋण वितरण लक्ष्य 108.91 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया, जिसमें क्रमशः कृषि व्यवसाय पर 78.82 करोड़ रुपये, एमएसएमई 13.60 करोड़ रुपये, ओपीएस 7.49 करोड़ रुपये और एनपीएस 9.00 करोड़ की धनराशि का रहा।
उपायुक्त ने यह भी कहा जिला में प्राकृतिक खेती को भी बल प्रदान करने के मकसद से काजाए लाहौल व उदयपुर में किसान उत्पादन संगठन के समूहों को भी जल्द गठित किया जा रहा है जिसकी बैठक में स्वीकृति भी प्रदान की गई।

# खानपान में बदलाव के चलते अधिकांश महिलाएं एनीमिया से ग्रस्त

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के अंतर्गत बाल विकास परियोजना द्रंग द्वारा आंगनबाड़ी सर्किल भराडू में पोषण पखवाड़ा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत प्रधान सीमा देवी ने की। इस दौरान आंगनबाड़ी सुपरवाइजर रीना कुमारी ने उपस्थित महिलाओं को उचित पोषण और मोटे अनाज के सेवन बारे जागरूक किया। आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ.रितिका ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर रीना



कुमारी ने कहा कि गर्भवती व धात्री महिलाओं को अपने सेवन में मोटा अनाज अवश्य शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल खानपान में बदलाव के चलते अधिकांश महिलाएं एनीमिया से ग्रस्त हैं। कैल्शियम की भी कमी पाई जाती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने घरेलू अनाज मक्की, जौ, कोदरा, सोयाबीन, चन्ना आदि सभी प्रकार के मोटे अनाज का सेवन करना चाहिए। यह लेसिथिन अमीनो एसिड की उच्च मात्रा वाला मोटा अनाज है। यह तंत्रिका तंत्र को मजबूती प्रदान करता है। कोदरा अन्य विटामिन और खनिजों के बीच विटामिन बी, विशेष रूप से नियासिन, बी-6 और फोलिक एसिड का एक शानदार स्त्रोत है। इसमें कैल्शियम, आयरन, पोटेशियम, मैग्नीशियम और जिंक जैसे मिनरल्स होते हैं। यदि इसका पोस्टमेनोपॉजल महिलाओं द्वारा नियमित रूप से सेवन किया जाए तो यह उनके उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल के स्तर जैसे हृदय संबंधी विकारों से छुटकारा दिलाने में मदद करता है।

# प्रदेश की डिनोटिफाइड सरकार कर रही चंबा से अन्याय

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
प्रदेश भारतीय जनता पार्टी सचिव एवं पूर्व सरकार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के उपाध्यक्ष जयसिंह ने सत्ताधारी कांग्रेसी सरकार पर जिला चंबा से अन्याय करने का आरोप जड़ा है। शनिवार को एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने आरोप लगाए हैं कि प्रदेश की इस डीनोटिफाइड सरकार ने जहां जिला के कई संस्थान बंद करवा दिए वही लोगों के स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ किया है तथा जिला के एकमात्र मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा कर रह गई है। उन्होंने अन्य नेताओं पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि झूठी वाहवाही बटोरने के लिए सोशल मीडिया तथा समाचार पत्रों में प्रचार



प्रसार कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज मैं हाल ही में 29 चिकित्सकों के तबादले हुए अब वह चिकित्सक कहां है तथा कब उन्होंने ज्वाइन किया और कब चले गए इस बारे स्थिति साफ की जाए। उन्होंने कहा कि यही नहीं अभी स्टाफ नर्स के 36 तबादले भी किए गए जबकि यहां पर पहले से ही नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी चल रही थी ऐसे में सरकार के इस फैसले से पूरी की पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा कर रह गई है। अब मात्र यहां पर मरीजों को रेफर करने का काम ही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने गरीबों के लिए हिम केयर योजना चलाई थी जो प्रदेश के 138 संस्थानों में चल रही थी जो अब बंद है। यही हाल सहारा योजना का भी इस सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि आज हालत यह हो गई है कि मेडिकल कॉलेज चंबा बंद होने के कगार पर खड़ा है। इस मेडिकल कॉलेज में मरीजों को सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है ऑपरेशन के लिए टांडा और पीजीआई भेजे जा रहे हैं जबकि कई प्रकार के टेस्ट भी यहां नहीं हो पा रहे हैं ऐसे में आम जनता बुरी तरह से परेशान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से कांग्रेस सरकार बनी है यहां तालाबंदी का माहौल बन गया है विकास कार्य पूरी तरह ठप है। उन्होंने सरकार से मांग की कि यहां से 36 स्टाफ नर्सों को ट्रांसफर कर बाहरी जिलों में भेजा गया है उनके स्थान पर नर्सों की तैनाती हो अथवा उन्हें वापस बुलाया जाए वर्तमान में 138 के मुकाबले मात्र 85 स्टाफ नर्स यहां पर कार्यरत है इस कमी को पूरा किया जाए तथा जिन डॉकरों के तबादले यहां किए गए हैं उन्हें मेडिकल कॉलेज चंबा में तैनात करके उनकी कमी को भी पूरा किया जाए।

# स्वावलंबन योजना के मामले स्वीकृत करते हुए पूर्ण प्रक्रिया का करें पालन: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**
मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत गत दिवस 39 मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई। उपायुक्त किन्नौर तोरूल एस रवीश की अध्यक्षता में आयोजित मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक में जिले से विभिन्न उद्यमों को स्थापित करने के लिए 40 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से केवल एक मामले में सिबिल स्कोर संतोषजनक न होने पर अस्वीकृत किया गया। इन 40 आवेदनों में 9 मामले महिला उद्यम से संबंधित



शामिल रहे। इसके तहत 4 करोड़ 32 लाख रुपये का पूंजी निवेश होगा तथा 1 करोड़ 36 लाख रुपये का अनुदान लाभार्थियों को प्रदान किया जाएगा।
उन्होंने बैंको को स्वावलंबन योजना के मामले स्वीकृत करते हुए पूर्ण प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी लाभार्थी को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। आज स्वीकृत मामलों में आटा-चक्की, लघु माल वाहक, माल वाहक बोलेरो कैम्पर, ऐप्पल ग्रेडिंग पैकिंग व हैन्डलूम ईकाई से सम्बन्धित उद्यम शामिल हैं।

## न्यूज फ्लैश

### बीच के आह्वान पर रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल बन गया 502 टीबी मरीजों की आस: कमलप्रीत



**टीम एक्शन इंडिया/ अंबाला** अम्बाला में टी बी मरीजों के लिए निक्षय मित्र बन कर काम कर रहे रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल के सदस्य इस माह एक बार फिर 502 टी बी मरीजों का राशन स्वास्थ्य एवं गृह मंत्री अनिल विज को सौंपेंगे । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2025 तक देश को टी बी मुक्त किए जाने के आह्वान के बाद हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने सामाजिक संस्थाओं से आह्वान किया था की वह इस नेक काम में आगे आए और निक्ष्य मित्र बन कर टीबी मरीजों को गोद लेकर उनका इलाज करवाएं । दरअसल टी बी के इलाज के लिए कुल 6 महीने का समय लगता है लेकिन अगर इस इलाज को बीच में ही छोड़ दिया जाए तो इलाज को दो साल तक का समय भी लग सकता है , इसलिए जरूरी है की टीबी के मरीजों का इलाज लगातार चले । रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कमलप्रीत सभरवाल ने बताया की गृहमंत्री अनिल विज के आह्वान पर क्लब द्वारा 502 टीबी मरीजों को गोद लिया गया , पिछले पांच महीने से स्वास्थ्य विभाग को इन मरीजों के इलाज के लिए मददगार राशन सौंपा जा रहा है , और इस महीने की आखिरी किश्त गृह मंत्री अनिल विज को सौंपी जाएगी । प्रोजेक्ट डायरेक्टर कमलप्रीत सभरवाल ने यह भी बताया की जरूरत पड़ने पर उनका क्लब और क्लब के सभी सदस्य आगे भी स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े रहेंगे ।

### ब्याज माफी योजना का 31 मार्च तक लाभ उठा सकते उपभोक्ता

**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना/भंवर सिंह** बिजली निगम ने ब्याज माफी योजना की अवधि बढ़ा दी है। ताकि डिफाल्टर उपभोक्ता ज्यादा से ज्यादा योजना का लाभ उठा सके। यह अवधि 31 मार्च तक बढ़ा दी है। डिफाल्टर उपभोक्ता ब्याज माफी के साथ अपना बकाया बिल भर सकते हैं। 2253 उपभोक्ताओं ने ही बिजली बिलों का भुगतान किया। इन उपभोक्ताओं से निगम ने 2.68 करोड़ रूपए के बकाया बिलों की रिकवरी की है। योजना के तहत इन उपभोक्ताओं का 62.13 लाख रुपए का ब्याज माफ हुआ है। जबकि गोहाना में करीब 27922 डिफाल्टर उपभोक्ता हैं। निगम के एक्सईएन धर्मवीर ने बताया कि ब्याज माफी योजना 31 मार्च तक जारी रहेगी। उसके बाद डिफाल्टर उपभोगताओं पर विभागीय कार्यवाई की जाएगी।

-गेंहू कटाई के दौरान किसान रखें सांवधानी

एक्सईएन धर्मवीर ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है। गेंहू कटाई का सीजन भी सिर पर है। ऐसे में गेंहू की फसल में आगजनी की संभावनाएं होती हैं। आगजनी से बचने के लिए खेत में लगे ट्रांसफार्मर के आसपास और बिजली लाइन के नीचे वाली फसल को पहले काट लें। गेंहू की पूलियों को बिजली लाइन के नीचे नहीं रखना चाहिए।

### शव की दिशा ब दशा को नजरंदाज कर पुलिस मान रही है आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र के अंतर्गत घर से गायब व्यक्ति का बंद कॉलोनी के निमार्णाधीन बंद पड़े मकान में 3 दिन बाद शव बरामद हुआ पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया घटनास्थल का निरीक्षण किया प्रथम द्दष्टया हत्या के इस मामले को पुलिस दर्ज करने के बजाए गंभीर अपराध को दबाने में लगी है। जानकारी के अनुसार थाना हाईवे क्षेत्र के गांव गोविंदपुर निवासी बादाम सिंह का 35 वर्षीय पुत्र बनी सिंह उर्फ भूरा 16 मार्च की रात लगभग 2 बजे घर से चला गया जिसकी परिजनों और जानने वालों ने काफी तलाश किया 18 मार्च की सुबह पवन पाठक अपने निमार्णाधीन मकान स्थित नरेंद्र नगर सरस्वती कुंड पर मजदूरों को लेकर आया जैसे ही उसने मकान का ताला खोला उसमें की सीढ़ी पर अंगौछा के सहारे बांस की बनी नसेनी पर एक शब लटका देखा जिसकी थोड़ी बांस पर अटकी हुई थी हाथ भी नसेनी पर रखे हुए थे इस घटना की जानकारी जंगल में लगी आग की तरह चारों तरफ फैल गई जिस मकान में यह सब मिला था उसकी छत पर रोशनदान के लिए जगह छोड़ी हुई थी उसके रास्ते से घटना को अंजाम दिया गया सूचना पर मृतक की पत्नी आशा देवी परिजनों और मोहल्ले वालों को लेकर मौके पर पहुंची जहां पर उसने सब की शिनाख्त अपने पति के बनी सिंह ऊर्फ भूरा के रूप में की सूचना पर पहुंची पुलिस सब और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था मशक की पत्नी पुलिस को तहरीर लिख कर दी मेरे पति की अज्ञात लोगों ने हत्या की है। मृतक की पत्नी ने बताया मृतक स्वाफी नहीं रखते थे। फिर शव के गले में मिली स्वाफी किस की थी। 1 सप्ताह से अधिक का समय व्यतीत हो जाने के बाद भी अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे छोटेलाल से पूछा गया तो उन्होंने घटना को आत्महत्या बताते हुए कहां चौकी इंचार्ज जांच कर रहा है दिशा और दशा में सब मिला था उसे देखकर नहीं लगता कि यह आत्महत्या का मामला है नौकरी के सबूतों से स्पष्ट होता है किसी अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर सबको यहां छुपाया गया है अगर उसे आत्महत्या करनी थी तो वह अपने घर से 1 किलोमीटर दूर बंद मकान जो उसने कभी देखा भी नहीं था वहां तक कैसे पहुंच गया।

# हिंदूवादी संगठन के लोगों ने विश्वविद्यालय पर कार्रवाई के लिए प्रशासन को दिया ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा/लोकेश चौधरी**

**जिले** के नामचिन विश्वविद्यालय संस्कृति यूनिवर्सिटी में जम्मू कश्मीर से आए मुस्लिम समुदाय के करीब 82 छात्र विवि कैम्पस में ही खुलेआम नमाज पढ़ रहे हैं। इस बारे में अखिल भारत हिंदू महासभा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिकायत की है। जम्मू कश्मीर से आए ये 82 छात्र सरकारी छात्रवृत्ति पर अध्ययनरत हैं, विश्वविद्यालय के अंदर की कुछ वीडियो के माध्यम से अखिल भारत हिंदू महासभा को पता लगा कि ये छात्र नित्य प्रतिदिन स्कूल यूनिफार्म में विश्वविद्यालय के



प्रांगण के अंदर नमाज अदा करते हैं। हिंदू महासभा का कहना है कि यह विवि में पढ़ रहे हजारों हिंदू विद्यार्थियों के लिए अपमानजनक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के लिए एक खतरा है। हिंदू महासभा के पास 6 दिन लगातार नमाज पढ़ने की पर्याप्त सबूत हैं।

अखिल भारत हिंदू महासभा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष छाया गौतम के नेतृत्व में शनिवार को डीएम को ज्ञापन देकर विश्वविद्यालय एवं प्रबंधन समिति एवं उन विद्यार्थियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश कौशिक ने कहा कि ब्रज क्षेत्र में हिंदूविरोधी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी, प्रशासन जल्द से जल्द सख्त कार्यवाही करें। प्रदेश प्रवक्ता संजय हरियाणा ने कहा कि मथुरा के किसी भी विश्वविद्यालय को जेएनयू नहीं बनने दिया जाएगा। जम्मू कश्मीर से आए हुए अल्पसंख्यक छात्रों का नमाज पढ़ने का अधिकार है, वह अपने हॉस्टल कमरे में नमाज अदा करें शिक्षा के मंदिर में विश्वविद्यालय के प्रांगण में किसी भी सार्वजनिक जगह पर नमाज अदा ना करें, अन्य छात्रों में गलत संदेश ना जाए।

अखिल भारत हिंदू महासभा ऐसे सभी कृत्यों का विरोध करती है प्रशासन से मांग करती है कि ऐसे छात्रों और विश्वविद्यालय के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। जिलाध्यक्ष छाया गौतम ने कहा कि विश्व विद्यालय शिछा का मंदिर है । यहां सभी समान और एकता के रूप में शिक्षा प्राप्त करने आते हैं ना की धर्म के प्रति कट्टरपंथता दिखाने आते हैं ।इस विश्वविद्यालय में हजारों की संख्या में हिंदू लड़के लड़कियां पढ़ाई कर रहे हैं । सौहार्दपूर्ण वातावरण खराब ना हो इसलिए धार्मिक गतिविधियां विश्वविद्यालय में नहीं होनी चाहिए।

## केंद्र की तर्ज पर रिटायर कर्मचारियों को मिले महंगाई भत्ता



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के रोडवेज कार्यालय परिसर में आज हरियाणा राज्य वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक गुरचरण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि अगली बैठक 24 अप्रैल को होगी। रिटायर्ड कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि जिस प्रकार केन्द्र सरकार ने महगाई भते को 40 प्रतिशत किया है। उसी प्रकार प्रदेश सरकार भी जनहित में फैसला लें और महगांई भतें में बढोतरी करें। उन्होनें कहा कि मौजदू समय में महगांई तेजी से बढती जा रही है। जिसका लोगों पर गंभीर प्रभाव पढ रहा है।

आज इस अवसर पर बलबीर सिंह उप्पल, भाव सिंह गुलयाणी, हरदेव सिंह, श्रवण कुमार, हरदेव सिंह, करतार, रत्न नंद, सतविन्द्र सिंह, मदन मोहन गुप्ता सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहें।

## सेंट जोसफ में मनाया गया वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**शहर** स्थित सेंट जोसफ स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीपीसी रेनू अग्रवाल ने पधार कर कार्यक्रम की शोभा को चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मुख्यातिथि के सम्मान में स्वागतम गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों द्वारा कृष्ण अवतार को नृत्य के रूप में व छात्राओं द्वारा मां दुर्गा को स्मरण करते हुए गरबा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने स्केटिंग व ताइक्वांडो के अद्?भुत प्रदर्शन द्वारा सभी का मन मोह लिया। वार्षिक पुरस्कार वितरण की परम्परा को निभाते हुए सबसे पहले विद्यालय के चारों



हाउस में से टैगोर हाउस को अपने पूरे वर्ष की बेहतरीन कार्यप्रणाली के चलते बेस्ट हाउस घोषित किया गया तथा आदरणीय डायरेक्टर मैम व मुख्यातिथि द्वारा टैगोर हाउस की कैप्टन जसदीप कौर व वाइस कैप्टन सिमरन कौर को विजेता प्रदान की गई। और इसके पश्चात पूरे सत्र 2022-2023 के सभी विजेताओं को मुख्यातिथि व प्रिंसीपल महोदया द्वारा सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## महिलाओं को 100 सेनेटरी पैड वितरित किए

**गन्नौर: राजकीय** सीनियर सेकेंडरी स्कूल गढ़ी झंझारा में शनिवार को क्लब गन्नौर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब के पदाधिकारियों की तरफ से स्कूल में बच्चों को 15 छत के पंखे भेंट किए। ग्रामीण महिलाओं में 100 सेनेटरी पैड वितरित किए। क्लब पदाधिकारी एवं मुख्यातिथि डा. जे के गौड़ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र मेहनत, लग्न से शिक्षा ग्रहण करे, तभी जीवन में जरूर सफलता मिलेगी। आप भविष्य के निर्माता हो इसलिए अनुशासन में रहते हुए अपने जीवन का विकास करे। कार्यक्रम में मंच संचालन पुष्पा रानी ने किया। इससे पहले स्कूल प्रिंसिपल राजबीर पाराशर ने डा. जेके गौड़, डा. धीरज भार्गव, अशोक अग्रवाल, रवि बाली, दयानंद शर्मा, सतपाल जैन, विनित अग्रवाल, सतीश चौधरी, ललित आर्या, यतीन्द्र कालरा, वाई के त्यागी, अखिलेंद्र, राजकुमार पांचाल का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

## नवरात्रों पर एलके होंडा ने शुरू की बेटियों को सम्मान देने की अनोखी स्कीम

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**पानीपत** में किशनपुरा के पास गोहाना रोड पर स्थित एलके होंडा एजेंसी ने नवरात्रों के मौके पर बेटियों को सम्मान देने के लिये अनोखी स्कीम की शुरूवात की है। नवरात्रों के दौरान बेटियों के नाम से होंडा एजेंसी से एक्टिवा खरीदने पर विशेष डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके तहत एक बेटी पर एक हजार, दो बेटी होने पर दो हजार, तीन बेटी होने पर तीन हजार व चार बेटी होने पर चार हजार रूपए का डिस्काउंट दिया जा रहा है। एलके होंडा के डायरेक्टर ललित गोयल ने बताया कि बेटियों को सम्मान देने के लिये इस स्कीम का नवरात्रों पर शुभारंभ किया गया है। नवरात्रों के



इन चार दिनों में इस स्कीम के तहत 22 एक्टिवा बेटियों के नाम से खरीदी जा चुकी है और उम्मीद है कि नवरात्रों में करीब 50 एक्टिवा खरीदी जाएगी। वहीं डायरेक्टर ललित गोयल ने बताया कि इस स्पेशल डिस्काउंट के अलावा बेटियों के नाम से खरीदी जाने वाले एक्टिवा की सर्विस के दौरान एजेंसी द्वारा कोई भी लेबर का चार्ज नहीं लिया जाएगा और उसकी वाशिंग भी फ्री करवाई जाएगी। बेटियों के नाम से खरीदी जाने वाली एक्टिवा के साथ हैलमेट भी फ्री दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने पानीपत की ऐतिहासिक नगरी से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूवात की थी और एलके होंडा ने भी बेटियों को सम्मान देने के लिये नवरात्रों पर इस स्कीम को शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि एलके होंडा ने स्वेच्छा से बेटियों को सम्मान देने के लिये यह अनोखी स्कीम शुरू की है और इसके रूझान अच्छे रहे तो इस स्कीम को आगे भी लागू करेंगे।

## शिक्षा के क्षेत्र में चुनौतियो पर सेमिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी**

**जी.एम.एन** कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्रांगण में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता तथा डॉ. राकेश कुमार के नेतृत्व में एक दिवसीय अंतरविषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आई.सी.ई.आर.टी. के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस संगोष्ठी का विषय सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, शिक्षा और मानवीयता के संदर्भ में उभरती हुई चुनौतियां रहा। संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी जसबीर, प्रबन्धक समिति के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह, प्रबन्धक समिति के सदस्य चरणजीत सिंह सेठी एवं प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त तथा आई.सी.ई.आर.टी. चेयरमैन डॉ. सन्दीप सिंहमार ने दीप प्रज्जवलित करके किया। प्रबन्धन समिति के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह ने कहा कि इस संगोष्ठी के माध्यम से शिक्षा, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और मानवीयता के संदर्भ में नूतन मूल्य स्थापित होंगें, जो वर्तमान समय की प्राथमिक मांग है। जो राष्ट्र की उन्नति को क्षितिज पर स्थापित करने तथा विश्व में सद्भावना का प्रसार करने का माध्यम बनेगा।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस संगोष्ठी करने का उद्देश्य राष्ट्र-निर्माण और अंतर्राष्ट्रीय सौहार्द को स्थापित करना है। उन्होनें कहा कि महाविद्यालय समय-समय पर

**8 राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक यह संभावना खोजने लगा कि वह राष्ट्र निर्माण में किस प्रकार अपना योगदान दे सकता है**

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शोध को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियां आयोजित करता रहता है। इसी कड़ी में आज यह संगोष्ठी आयोजित की गई है। इसके पश्चात संगोष्ठी संयोजक डॉ. राकेश ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय जसबीर सिंह ने कहा कि इस संगोष्ठी का विषय बहुत ही व्यापक है, जिसमें मानवीयता, कला, सामाजिक विज्ञान, सामाजिक संचार, तकनीकी, मनोविज्ञान, सभ्यता और संस्कृति के साथ-साथ मूल्यों, व्यवहार एवं आत्मनिर्भरता और स्वावलम्बनता को शामिल किया गया है। वर्तमान समय में इस विषय को लेकर किया गया यह प्रयास जी.एम.एन. कॉलेज का सराहनीय प्रयास है।

उन्होंनें कहा कि आज की इस संगोष्ठी में विद्वानों द्वारा चिंतन एवं मनन किया जाएगा। जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा के विकास के नये आयाम स्थापित होंगें। उन्होंनें कहा कि निःसन्देह इस संगोष्ठी में भारत और विश्व के अनेकों देशों के प्रख्यात विद्वान अपने विचारों से विषयों की सार्थकता स्थापित करेंगें। इसके पश्चात बीज वक्ता के रूप में प्रों. राजेन्द्र कुमार उप्पल, प्राचार्य, बाबा फरीद कॉलेज, मैनेजमैंट व टैक्नोलोजी, भंटिडा उपस्थित रहे। उन्होनें कहा कि विगत वर्षों में कोरोना महामारी के फैलने पर भारत ने आपसी सौहार्द से परिस्थितियों को नियंत्रित किया और पुनः अपने प्रारंभिक स्वरूप को प्राप्त कर पाये। ऐसे में भारत ने आत्मनिर्भरता की ओर सशक्त कदम उठाए।

राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक यह संभावना खोजने लगा कि वह राष्ट्र निर्माण में किस प्रकार अपना योगदान दे सकता है। इस संगोष्ठी में इन्हीं बिन्दुओं पर मंथन करना सराहनीय कदम है।

इस संगोष्ठी में चार तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया।

## उदझ - मॉलिकुलर हाईड्रोजन थेरेपी: स्वास्थ्य पर केंद्रित होने का एक क्रांतिकारी और बिना दवाई का सुरक्षित तरीका

**नई दिल्ली।** प्रिवेंटिव हैल्थकेयर और वैलनेस समाधानों के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी, सेरीन एनवायरोटेक ने उदझ उत्पाद श्रृंखला की सफलता की घोषणा की है। उदझ उत्पाद श्रृंखला में पोटेबल वैलनेस टूल्स के रूप में उदझ इन्हेलर और उदझ हाईड्रोजन वॉटर बोतलें हैं। इस उत्पाद श्रृंखला ने लोगों के जीवन में गहरा प्रभाव छोड़ा है और यह स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है। उदझ इन्हेलर एक अभिनव उत्पाद है, जो स्वास्थ्य को अनेक फायदे देने वाली हाईड्रोजन गैस को साँस के साथ अंदर खींचने का अद्वितीय तरीका प्रदान करता है। यह एक कॉम्पैक्ट डिवाईस है, जो इस्तेमाल में आसान है और हर उम्र के व्यक्ति के लिए उपयुक्त है। यह ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन को कम करने में मदद करता है, संज्ञानात्मक कार्यों में सुधार लाता है, और सेहत को बनाए रखने में मदद करता है। उदझ हाईड्रोजन बोतलें स्लीक और स्टाईलिश वॉटर बोतलें हैं, जो ऑन-द-गो रहते हुए हाईड्रोजन से भरपूर पानी बनाती हैं। हाईड्रोजनयुक्त पानी पीना मेटाबोलिज्म में सुधार लाने, ऊर्जा का स्तर बढ़ाने और शरीर में पानी का पर्याप्त स्तर बनाए रखने का प्रमाणित तरीका है। उदझ हाईड्रोजन बोतल खिलाड़ियों, फिटनेस प्रेमियों, और सेहतमंद जीवनशैली बनाए रखने के इच्छुक हर व्यक्ति के लिए उत्तम है। ये उत्पाद उन लोगों के लिए डिजाईन किए गए हैं, जो सदैव गतिशील रहते हैं और अपने स्वास्थ्य को सर्वश्रेष्ठ बनाए रखना चाहते हैं। यह बोतल पोर्टेबल है, और इस्तेमाल में आसान है, और मिनटों में हाईड्रोजन से भरपूर पानी बना देती है। हाईड्रोजनयुक्त पानी पीने से स्वास्थ्य को प्रमाणित फायदे मिलते हैं।

## 1 अप्रैल से डिफाल्टर किरायेदारों की दुकानों पर होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** अम्बाला छावनी नगर परिषद द्वारा किराएद्वारों को 3 नोटिस देने के बाद नगर परिषद डिफॉल्टर किराएदारों पर पर 31 मार्च के बाद कारवाई की जाएगी। नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि अबतक 50 लाख किराया वसूला जा चुका है जबकि 80 लाख रुपए किराया वसूला जाना अभी बाकी है। उन्होने कहा कि गांधी मार्किट, रामबाग रोड कृष्णा मूर्ति मार्किट सहित छावनी के अनेक स्थान ऐसे है जहां पर नगर परिषद की दुकाने है ऐसे में कुछ दुकानदार तो तय समय पर किराया देते है। लेकिन कई दुकानदार समय पर किराया नही देतें। जिसके चलते भारी परेशानी का सामना करना पडता है। परिषद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि हम निरंतर दुकानदारों से संर्पक कर रहे है तथा उनसे आग्रह भी कर रहे है कि वह समय पर किराया जमा करवाए।

## ग्रामीणों ने तालाब के पानी की निकासी को लेकर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/सनौली**

**सनौली** खुर्द खंड के गांव नवादा पार के ग्रामीणों ने शनिवार को गांव के तालाब के गंदे पानी की निकासी के समाधान को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण सनौली खुर्द स्थित बीडीपीओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं ग्रामीण आलम, ताहिर पंच, तस्वर, आसिफ, जाहिद, जुल्फन, जहांगीर व असलम आदि ने बताया कि उनके गांव



में छोटा सा तालाब है और उसके पानी के निकासी का कोई रास्ता नहीं है। जिससे तालाब ओवरफ्लो होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि ग्रामीण तालाब के पानी की निकासी के समाधान को लेकर उपायुक्त से मिले थे और उन्होंने बीडीपीओ सनौली खुर्द को समाधान करने को कहा था। लेकिन बीडीपीओ द्वारा अभी तक भी गांव के तालाब के पानी की निकासी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो सभी ग्रामीणा मिलकर बीडीपीओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होगे।

इस बारे में सनौली खुर्द ब्लाक के पंचायत अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत के साथ मिलकर जल्द ही समाधान करवाया जाएगा।

## बर्बाद फसलों का निरीक्षण कर जजपा नेताओं ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

**बार-बार** हो रही बेमौसमी बरसात एवं ओलावृष्टि ने रबी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों की कमर ही टूट गई है। तबाह हुई फसलों को देखकर किसानों की आंखें आंसूओं से छलछला रही हैं। ऐसे ही पीड़ित किसानों का दुख-दर्द बांटने के लिए शनिवार को जननायक जनता पार्टी के नेताओं ने विभिन्न गांवों के खेतों में जाकर फसलों का निरीक्षण किया तथा पीड़ित किसानों को गठबंधन सरकार की ओर से आर्थिक सहायता मुआवजा के रूप में दिलाने का आश्वासन देकर उनकी ढाढस बंधवाई। यह जानकारी देते हुए जजपा के जिला



प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि चिंडालिया, नांगलकाठा, बापड़ोली, जाखनी, डेरोली, सिहमा, रातां कलां, मोहलड़ा, खैरानी एवं गोमला आदि गांवों का दौरा किया तथा खेतों में जाकर फसलों का निरीक्षण कर तबाही का आंकलन किया।

इस दौरान जजपा की राष्ट्रीय महासचिव एवं चेयरपर्सन कमलेश सैनी एवं जिलाध्यक्ष एडवोकेट तेजप्रकाश यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि समूचे इलाके में हुई बेमौसमी बरसात एवं भारी ओलावृष्टि से फसलें पूरी तरह से तबाह हो गई हैं। पहले पाला गिरने से जहां किसानों की सरसों की फसल बर्बाद हो गई थी, वहीं अब बेमौसमी बरसात एवं ओलावृष्टि के साथ-साथ तेज हवाओं से गेहूं की फसल नष्ट हो गई है। चना एवं अन्य फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में पानी खड़ा होने से गेहूं समेत कई फसलें गलने की कगार पर पहुंच गई हैं। खेतों में गेहूं एवं जौ की फसलें पसरी हुई हैं तथा अब उनमें दाना नहीं पक पाएगा। उन्होंने कहा कि यह फसलें ही इलाके के किसानों की आमदनी का प्रमुख सहारा है और यह फसलें बर्बाद होने से किसानों की रीढ़ ही टूट गई है। पूरी साल का खर्च किसान इन्हीं फसलों से निकालते हैं, लेकिन अब वह बर्बाद हो गया है। अब किसानों को अपने खेत खाली करने के लिए मजदूरी के रुपये और खर्च करने पड़ेंगे। इस दौरे के उपरांत जजपा नेता सीधे कैंप ऑफिस पहुंचे तथा वहां डीसी डा. जेके आभीर को मुख्यमंत्री मनोहरलाल एवं उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला के नाम अलग-अलग ज्ञापन सौंपे, जिसमें उन्होंने बताया है कि महेंद्रगढ़ जिले के अनेक गांवों में बारिश एवं ओलावृष्टि से सरसों, गेहूं एवं चना की फसलें शत-प्रतिशत खराब हो चुकी हैं। यहां का किसान खेती पर ही निर्भर है। अब फसल खराब होने से किसान के साथ-साथ खेतीहर मजदूरों के भूखा मकरने की नौबत आ गई है।

## मोती नगर में संपूर्ण मानस पाठ पारायण कार्यक्रम आयोजित

**8 शास्त्र पाठ करने की महिमा पर प्रकाश डाले महंत देवनारायण शास्त्री जी ने भी भक्तों को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दिये**

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर श्री कबीर आश्रम मोती नगर स्थित नगर खेड़ा स्थापना तिथि पर 25 मार्च से 2 अप्रेल तक सम्पूर्ण मानस पाठ पारायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आश्रम विज्ञप्ति मे बताया गया की कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज की



अध्यक्षता व मुन्सर हनुमानगढ़ राजस्थान से पधारे पूज्य महंत श्री बनवारी साहेब ,ब्रम्हसरोवर कुरुक्षेत्र के महंत देवनरायण शास्त्री ,संत सुलतान चालिया,रामलाल जी,श्री हरि ओम दास,सुभाष मोकड़ा,मनीराम राजस्थान की उपस्थिति मे मानस पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गयो इस अवसर पर पूज्य महंत बनवारी साहेब महाराज जी ने भक्तों को संबोधित कर धार्मिक ग्रन्थ,शास्त्र पाठ करने की महिमा पर प्रकाश डाले महंत देवनारायण शास्त्री जी ने भी भक्तों को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दिये।

# संपादकीय

## नन्हे बच्चों को कुपोषण से बचाने की जरूरत

**बच्चे** देश के भविष्य होते हैं। यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगा। भारत में बच्चों के भुखमरी तथा कुपोषण एक बड़े अभिशाप की तरह सामने आ रहे हैं यह देश की एक प्रमुख समस्या भी है' देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक है' सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50% बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैं' देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता है' देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है' ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता है' मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू है' सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैं' इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश है' विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई है' सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं' जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए ।जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगा' पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3:30 लाख बच्चे कुपोषित हैं' महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई है' कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34% कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता है' 21% बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है।

# क्या चुनाव आयोग वायनाड सीट पर उपचुनाव करवा सकता है?



अशोक भाटिया

> रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट 1951 की धारा 8 (3) के तहत अगर किसी सांसद या विधायक को किसी अपराध में दोषी ठहराया जाता है और उसे 2 साल या इससे ज्यादा की सजा सुनाई जाती है, तो उसकी संसद या विधानसभा सदस्यता खत्म हो जाएगी। वह रिहाई के 6 साल बाद तक चुनाव भी नहीं लड़ पाएगा।परन्तु रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट की धारा 8 (4) कहती है कि दोषी सांसद या विधायक की सदस्यता तुरंत खत्म नहीं होती। उसके पास तीन महीने का समय होता है। इस दौरान अगर वह हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में अपील कर देता है तो उस अपील की सुनवाई पूरी होने तक सदस्यता नहीं जाती। अगर वह अपील नहीं करता है तो तीन महीने बाद उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाती है

**केरल** की वायनाड लोकसभा सीट से सदस्य रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता जाने के बाद अब बड़ा सवाल यह है कि क्या चुनाव आयोग इस सीट पर जल्द ही उपचुनाव करवा सकता है? जानकारों का कहना है कि उपचुनाव की घोषणा से पहले चुनाव आयोग हर कानूनी पहलू को देखेगा और राहुल गांधी के अगले कदम पर भी आयोग की नजर रहेगी। राहुल गांधी की ओर से जल्द ही ऊपरी अदालत में अपील की जा सकती है। वहीं, चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार राहुल के अयोग्य घोषित होने के बाद वायनाड सीट पर उपचुनाव कराने से पहले तमाम पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। आयोग के सूत्रों के अनुसार पहले से तय गाइडलाइंस के अनुरूप जो नियम हैं, उनके तहत आयोग कार्रवाई करेगा। नियम के अनुसार, खाली सीट को 6 महीने के अंदर भरना होता है। सूत्रों के अनुसार, इस बार आयोग कोई फैसला लेने से पहले तमाम कानूनी पहलुओं और घटनाक्रमों की समीक्षा करेगा। दरअसल, इसी साल आयोग अपने ही कुछ फैसलों से कानूनी अड़चनों में फंसा रहा। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी कहते हैं कि तकनीकी तौर पर तो चुनाव आयोग उपचुनाव की घोषणा कर सकता है, लेकिन अभी आयोग को जल्दबाजी में कोई भी फैसला नहीं करना चाहिए। उनका कहना है कि अगर आयोग उपचुनाव की घोषणा कर देता है और राहुल गांधी को भी ऊपरी अदालत से दोषसिद्धि पर स्टे के रूप में राहत मिल जाती है तो फिर उपचुनाव पर भी स्टे हो जाएगा। अगर अदालत से सिर्फ सजा (2 साल) पर रोक या स्टे लगाया जाता है तो यह काफी नहीं है। वहीं अगर दोषसिद्धि पर रोक लगाई जाती है तो फिर उपचुनाव नहीं हो सकेगा।पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कहते हैं कि उपचुनाव करवाने के लिए आयोग के पास छह महीने का समय होता है और ऐसा जरूरी नहीं है कि किसी सदस्य की सदस्यता जाने के कुछ दिनों के बाद ही उपचुनाव की घोषणा कर दी जाए। लक्षद्वीप के एक सांसद के मामले में केरल हाई कोर्ट का फैसला आयोग को ध्यान में होगा और अभी आयोग को हर पहलू पर ध्यान देने के बाद ही कोई फैसला लेना चाहिए। ऐसे में चुनाव आयोग को तमाम पक्षों पर विचार करने के बाद ही उपचुनाव को लेकर फैसला लेना चाहिए। यदि हम केवल नियम कि बात करें तो दरअसल लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 151ए के तहत चुनाव आयोग को संसद और विधानसभाओं में खाली सीटों पर रिक्ती के छह महीने के भीतर उपचुनाव करवाने का अधिकार है. हालांकि इसमें एक शर्त है कि नवनिर्वाचित सदस्य के लिए एक वर्ष या उससे अधिक का कार्यकाल बचा हो. यहां राहुल गांधी की अयोग्यता के बाद वायनाड सीट 23 मार्च को खाली हो गई थी, ऐसे में धारा 151ए के अनुसार चुनाव आयोग के लिए 22 सितंबर, 2023 तक इस निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव कराना अनिवार्य है. यहां 17वीं लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने में अभी एक साल से ज्यादा का समय बचा है, ऐसे उपचुनाव अनिवार्य हो जाता है, भले ही निर्वाचित सांसद को बेहद छोटा कार्यकाल मिले. सांसद और विधायक कई मामलों में अदालत से दोषी और सजा पाने के बाद अपनी सदस्यता खो देते हैं और सजा की अवधि पूरी करने के बाद 6 वर्ष तक चुनाव लड़ने के अयोग्य भी होते हैं। सवाल उठता है कि क्या सिर्फ 2 साल से अधिक सजा पाए जाने के बाद ही सांसद और विधायक की सदस्यता खत्म होती है और वो 6 साल तक चुनाव लड़ने के अयोग्य हो जाते है? ऐसा नहीं है, दरअसल कुछ मामलों में सिर्फ दोषी पाए जाने और फाइन देकर छूट जाने के बाद भी सांसद और विधायक की सदस्यता खत्म हो जाती है। जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 8 में दोषी नेताओं, सांसदों और विधायकों के चुनाव लड़ने से रोकने का प्रावधान है। इस अधिनियम की धारा 8(1) के अंतर्गत प्रावधान है कि यदि कोई विधायिका सदस्य सांसद अथवा विधायक बलात्कार, अस्पृश्यता, विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के उल्लंघन; धर्म, भाषा या क्षेत्र के आधार पर शत्रुता पैदा करना, भारतीय संविधान का अपमान करना, प्रतिबंधित वस्तुओं का आयात या निर्यात करना, आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होना जैसे अपराधों में लिप्त होता है, तो उसे इस धारा के अंतर्गत अयोग्य माना जाएगा और कोर्ट की तरफ से सिर्फ हजार्ना और जेल की सजा होने पर वो अपनी सांसद और विधायक की सदस्यता को खो देगा और 6 वर्ष की अवधि के लिये चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। इस अधिनियम की धारा 8 (2) में प्रावधान है की कालाबाजारी, मुनाफाखोरी, मिलावटखोरी और दहेज से जुड़े मामले में 6 महीने से अधिक की सजा पाता है तो वो अपनी विधायक और सांसद की सदस्यता खो देगा और सजा पूरी करने के बाद 6 वर्ष तक चुनाव लड़ने के अयोग्य रहेगा। रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट 1951 की धारा 8 (3) के तहत अगर किसी सांसद या विधायक को किसी अपराध में दोषी ठहराया जाता है और उसे 2 साल या इससे ज्यादा की सजा सुनाई जाती है, तो उसकी संसद या विधानसभा सदस्यता खत्म हो जाएगी। वह रिहाई के 6 साल बाद तक चुनाव भी नहीं लड़ पाएगा।परन्तु रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट की धारा 8 (4) कहती है कि दोषी सांसद या विधायक की सदस्यता तुरंत खत्म नहीं होती। उसके पास तीन महीने का समय होता है। इस दौरान अगर वह हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में अपील कर देता है तो उस अपील की सुनवाई पूरी होने तक सदस्यता नहीं जाती। अगर वह अपील नहीं करता है तो तीन महीने बाद उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाती है। इसी साल जनवरी में लक्षद्वीप के पूर्व सांसद फैजल को हत्या के प्रयास के मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद आयोग ने तुरंत उपचुनाव की घोषणा की। हालांकि केरल हाई कोर्ट ने लक्षद्वीप के पूर्व सांसद मोहम्मद फैजल की सजा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद आयोग को अपनी अधिसूचना वापस लेनी पड़ी। हालांकि यहां एक और दिलचस्प बात यह है कि केरल हाईकोर्ट से मिली राहत के बाद फैजल की लोकसभा सदस्यता भले ही दोबारा बहाल हो गई, लेकिन वह सदन की कार्यवाही में अब भी हिस्सा नहीं ले सकते. ऐसे ही एक अन्य मामले में आयोग को सुप्रीम कोर्ट से कड़ी टिप्पणी का सामना करना पड़ा था। ऐसे में इस बार आयोग चुनाव उपचुनाव की घोषणा करने से पहले इन पहुलओं को ध्यान में रखेगा। आयोग नहीं चाहेगा कि एक बार उपचुनाव की घोषणा के बाद नोटिफिकेशन वापस लेना पड़े। आयोग के सूत्रों के अनुसार अगले कुछ दिनों में इस केस में और स्पष्टता आ जाएगी जिसके बाद कुछ फैसला लिया जा सकता है। जुलाई 2013 में लिली थॉमस ५२ यूनियन ऑफ इंडिया मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट 1951 की धारा 8 (4) के तहत मिली छूट को असंवैधानिक बताया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि सांसद या विधायक दोषी करार दिए जाते हैं और उन्हें 2 साल या इससे ज्यादा साल की सजा सुनाई, तो दोषी करार होते ही उनकी संसद या विधानसभा सदस्यता खत्म हो जाएगी।हालांकि इस प्रक्रिया को पूरा करने में लोकसभा सचिवालय को कुछ समय लग सकता है।सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के हिसाब से राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खतरे में है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि उन्हें अब तभी राहत मिल सकती है जब ऊंची अदालत दोषसिद्धी पर रोक लगा दे। सिर्फ सजा पर ही रोक लगाना काफी नहीं होगा।

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी का कहना हैं कि लोकसभा स्पीकर को राहुल को अयोग्य घोषित करने की शिकायत मिलती है तो लोकसभा सचिवालय एक या दो दिन में चुनाव आयोग को बता सकता है कि केरल की वायनाड सीट अब खाली हो गई है और चुनाव कराओ। या फिर राहुल को अपील कोर्ट से राहत मिल जाए यानी उनकी दोषसिद्धी पर रोक लगा दी जाए। बताया जाता है कि अब राहुल को सिर्फ सजा के खिलाफ अपील दायर करने से ही राहत नहीं मिलेगी, बल्कि सजायाफ्ता सांसद को ट्रायल कोर्ट की तरफ से दोषसिद्धि के खिलाफ अपील कोर्ट स्पेसिफिक स्टे ऑर्डर दे। यानी सजा पर रोक नहीं बल्कि दोषसिद्धि पर ही रोक लगा दे तब राहुल की संसद सदस्यता जाने से बच सकती है।



# कविता

मीठा विश्वास है झूठे वायदे का
यह लेनदेन है बहुत फायदे का

वह धंधा करता है मुखौटों का
कारोबार है बहुत फायदे का

सच के बीच भी लोग फरेब करते हैं
यह चलन भी है बहुत कायदे का

यहां कौन सच्चा है कौन झूठाहै।।
काम निकालते डराकर सबूत कायदे का ।।

सियासत अवाम के बीच आ जाती हैं
पुलिंदा लेकर बड़े अकूत वायदे का।।

सच गुम है झूठ के बवंडर में संजीव।
फरेबी फायदे ले जाते हैं साबुत
कायदे का।।

संजीव ठाकुर

## स्मार्टफोन कैसे बने ग्लोबल स्टेटस सिंबल

विजय गर्ग

**आज,** अन्य सभी के ऊपर एक उपभोक्ता उत्पाद का उपयोग हमारी सामाजिक स्थिति - स्मार्टफोन का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाता है। यदि आप किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व, नौकरी या आय पर बिजली की तेजी से निर्णय लेना चाहते हैं, तो कोई बेहतर संकेतक नहीं है। एक 'स्टेटस सिंबल' कोई भी वस्तु है जिसका उपयोग हम अपने आसपास के लोगों के लिए अपनी सामाजिक स्थिति और आर्थिक सफलता को प्रसारित करने के लिए करते हैं। फिलहाल, इसमें कोई संदेह नहीं है कि स्मार्टफोन अब तक बनाए गए सबसे शक्तिशाली स्थिति संकेतकों में से एक हैं। लेकिन चीजें हमेशा से ऐसी नहीं रही हैं। लक्जरी उत्पादों का इतिहास सदियों पुराना है, और स्मार्टफोन किसी भी तरह से सार्वभौमिक स्थिति प्रतीक की भूमिका ग्रहण करने वाली पहली तकनीक नहीं है। कैसे स्मार्टफोन सामाजिक प्रतिष्ठा के निशान के रूप में इतना प्रभावी हो गया। ऐसा करने के लिए, हम विशिष्ट उपभोग तकनीक के इतिहास को शीघ्रता से दोहराएंगे, और यह भी जांच करेंगे कि जितना अधिक प्रभाव प्राप्त करने वाला अगला गैजेट कैसा दिख सकता है। स्थिति उत्पाद का एक त्वरित इतिहास उपभोक्तावाद सैकड़ों वर्षों से सामाजिक प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। लक्जरी या महंगे उत्पादों का मालिक होना आपके धन को प्रदर्शित करने का एक सुविधाजनक तरीका है - यह दशार्ता है कि आपके पास महत्वपूर्ण क्रय शक्ति है और उपलब्ध सर्वोत्तम सामान खरीदने का जोखिम उठा सकते हैं। प्रत्येक समाज में धनी लोगों ने अपनी आर्थिक शक्ति का प्रयोग अधिक महँगी वस्तुएँ खरीदने के लिए किया है। हालांकि, यह 19वीं शताब्दी तक नहीं था कि लोगों को पहली बार अपनी समृद्धि का प्रदर्शन करने के लिए अधिक सामान खरीदने के रूप में प्रलेखित किया गया था। इस तरह के व्यवहार का नाम 'विशिष्ट उपभोग' है, यह शब्द 1899 में एक प्रभावशाली अर्थशास्त्री द्वारा खोजा गया था। सबसे पहले, विशिष्ट खपत में बुनियादी सामान शामिल थे। उपभोक्ता यह दिखाने के लिए जरूरत से ज्यादा खरीद लेंगे कि उनके पास पैसा बचा है। लेकिन जैसे-जैसे सामाजिक वर्गों के बीच आना-जाना आसान होता गया, विशिष्ट उपभोग में बदलाव आया। लोगों ने ऐसे लक्जरी उत्पादों की तलाश शुरू कर दी, जिनकी पहचान उच्च वर्गों से की जाती थी, जैसे कि ब्रांड नाम के कपड़े और आयातित आभूषण। ये पहले 'स्टेटस सिंबल' उत्पाद थे। द फर्स्ट टेक आइकॉन विलासिता के सामान लगातार बदल रहे हैं और शुरू में, एक स्थिति प्रतीक की परिभाषा स्थानीय संस्कृति और स्वाद पर बहुत अधिक निर्भर थी। लेकिन, वैश्विक व्यापार में वृद्धि के साथ, यह सब बदल गया क्योंकि दुनिया भर के उपभोक्ताओं को समान उत्पादों तक पहुंच प्राप्त हुई। कारों जैसी बड़ी टिकट वाली वस्तुएं और बाद में, टीवी और वीसीआर प्लेयर्स जैसी प्रौद्योगिकियां 20वीं शताब्दी के विश्वव्यापी स्थिति उत्पादों में सबसे प्रभावशाली बन गईं। स्मार्टफोन के युग से पहले, अन्य पोर्टेबल उपभोक्ता उत्पाद जैसे व्यक्तिगत डिजिटल सहायक (पीडीए) परम तकनीकी स्थिति प्रतीक थे।

# विचार

## सदैव वात्सल्य बरसाने वाली नवदुर्गा की पंचम शक्ति स्कन्दमाता

अशोक 'प्रवृद्ध'

**सम्पूर्ण** जगत की भलाई व देवताओं के कल्याण हेतु माता दुर्गा नवरात्रि में नवरूपों में प्रकट हुई, जिसमें स्कन्दमाता स्वरूप की उत्पत्ति नवरात्रि के ठीक पांचवे दिन भक्त जनों के हित के लिए होती है। भारतीय मान्यताओं में देवी -देवताओं को न केवल माता-पिता की संज्ञा प्राप्त है, बल्कि उन्हें भक्त वत्सल भी कहा गया है। अर्थात देवता संसार के प्राणियों के लालन-पालन हेतु उसी प्रकार सक्रिय रहते हैं, जैसे कोई माता-पिता अपनी संतान के प्रति सदैव सक्रिय रहते हैं। इसी प्रकार दुर्गा का स्कन्दमाता स्वरूप भक्तों पर वात्सल्य को बरसाने हेतु सदैव तत्पर रहती हैं और उनके दुःखों को भगाती हैं। भक्ति से इनके प्रति समर्पित होने वाले व्यक्ति को यह तत्काल फल को देने वाली होती हैं। पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार भगवती की शक्ति से उत्पन्न हुए सनत्कुमार का नाम स्कन्द है, जिसे कार्तिकेय के नाम से पुराणों में संज्ञायित किया गया है। कुमार कार्तिकेय को पुरातन ग्रन्थों में सनत-कुमार, स्कन्द कुमार के नाम से भी संज्ञायित किया गया है। देव सेना के सेनापति स्कन्द की माता होने से भगवती की पांचवीं स्वरूप स्कन्दमाता कहलाती है। स्कन्द अर्थात भगवान कार्तिकेय को दक्षिण भारत में भगवान मुरुगन भी कहा जाता है। भगवान मुरुगन की महिमा पुराणों में गाई गई है और उन्हें कुमार और शक्तिधर कहा जाता है। उनके वाहन मोर होने के कारण उन्हें मयूरवाहना भी कहा जाता है। भगवान मुरुगन अर्थात कार्तिकेय भगवान गणेश के भाई के रूप में भी जाने जाते हैं। भगवती की पांचवीं स्वरूप देवी स्कंदमाता शेर की सवारी करती हैं। इनका वाहन शेर अर्थात सिंह पराक्रम वीरता का प्रतीक है। भगवान मुरुगन अर्थात कार्तिकेय माता की गोद में बैठें हैं। देवी स्कंदमाता को चार हाथों से चित्रित किया गया है। माता के दो हाथों में कमल का फूल है। माता के दाहिने हाथ में बाल मुरुगन बैठें हैं, और दूसरा दाया हाथ अभय मुद्रा में रहता है। माता कमल के फूल पर भी बैठती हैं, माता के उस रूप को देवी पद्मासना के नाम से जाना जाता है। यह पद्म, पुष्प, वरमुद्रा से युक्त हैं । अपने भक्तों की सभी इच्छाओं को पूर्ण करने वाली मां स्कन्दमाता को माहेश्वरी व गौरी के नाम से भी जाना जाता है ।महादेव शिव की वामिनी अर्थात पत्नी होने के कारण इन्हें माहेश्वरी भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यतानुसार श्री माँ दुर्गा के पंचम स्वरूप अर्थात विग्रह के रूप में प्रसिद्ध स्कन्दमाता की पूजा अर्चना नवरात्रि के पांचवे दिन में होती है। भक्तों को अभीष्ट फल प्रदान करने वाली स्कन्द माता के इस स्वरूप की अर्चना से दाम्पत्य जीवन के आंगन में वात्सल्य की प्राप्ति होती है , अर्थात संतान की कामना को पूर्ण करने वाली होती हैं। व्यक्ति की बुद्धि निर्मल व चित्त प्रसन्न होता है। घर परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने की शक्ति प्राप्त होती है। यही कारण है कि भक्तों के द्वारा बड़े विश्वास के साथ स्थापित देवी-देवताओं की पूजा करते हुए स्कन्दमाता की पूजा शुद्ध जल, तीर्थ के जल, गंधाक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य सहित सम्पूर्ण पूजन की सामाग्री एकत्रित करके नित्यादि क्रियाओं से निवृत्त होकर शुद्धता पूर्वक करने की परिपाटी है। भक्तों के कल्याण हेतु अति तेजस्वी रूप में दिखाई देने वाली स्कन्दमाता का दर्शन अति कल्याण प्रद है जो धन, धान्य व संतान को देने वाला है। माता के चरित्र व कथानक का बड़ा ही सुन्दर वर्णन दुर्गासप्तशती में अंकित करते हुए कहा गया है कि स्कन्दमाता को सभी प्राणियों की पीड़ा को हरने वाली , सब में व्याप्त रहने वाली कहा गया है। इनकी कृपा से सम्पूर्ण अभीष्ट वस्तुओं की प्राप्ति होती है। माँ ही संसार को उत्पन्न करने वाली तथा उन पर वात्सल्य वरसाने वाली है। कठिन परिस्थितियों में भी यह संसार का कल्याण करना नही भूलती है। सदा अभय प्रदान करने वाली हैं ।स्कन्द माता जिन पर प्रसन्न रहती है, वे ही देश मे सम्मानित होते हैं, उन्हीं को धन, यश और बैभव की प्राप्ति होती है, उन्हीं का धर्म कभी शिथिल नहीं होता तथा वे ही अपने हृष्ट-पुष्ट स्त्री, पुत्र और भृत्यों के साथ धन्य माने जाते हैं। देवी आपकी कृपा से ही पुण्यात्मा पुरूष प्रतिदिन अत्यन्त श्रद्धापूर्वक सदा सब प्रकार के धमार्नुकूल कर्म करता हुआ स्वर्ग लोक को प्राप्त करता है । इसलिए आप तीनों लोकों में निश्यच ही मनोवांछित फल देने वाली है। माँ दुर्गे आप स्मरण करने पर सब प्राणियों का भय हर लेती हैं और स्वस्थ पुरूषों द्वारा चिन्तन करने पर उन्हें परम कल्याणमयी बुद्धि प्रदान करती है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## लड़किया लीडर बनेगी तभी उनकी दुनिया बदलेगी

प्रियंका सौरभ

**आज** दुनिया 900 मिलियन किशोर लड़कियों और युवा महिलाओं की परिवर्तनकारी पीढ़ी का घर है जो काम और विकास के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार है। यदि युवा महिलाओं के इस समूह को 21वीं सदी के कौशलों को पोषित करने के लिए सही संसाधनों और अवसरों से सुसज्जित किया जा सकता है, तो वे इतिहास में महिला नेताओं, बदलाव लाने वालों, उद्यमियों और नवप्रवर्तकों का सबसे बड़ा हिस्सा बन जाएंगी। लड़कियों और युवा महिलाओं की सबसे बड़ी पीढ़ियों में से एक भारत ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यापक पहल की है। भारत शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल और वित्तीय समावेशन, नेतृत्व निर्माण प्रदान करता है, और सतत विकास लक्ष्य 5 की उपलब्धि में मदद करने के लिए व्यवहार्य ढांचे की स्थापना की है, जो 2030 तक दुनिया को और अधिक लिंग समान स्थान बनाने की कल्पना करता है। आज देश में लैंगिक अंतर चौड़ा हो गया है और विशेष रूप से राजनीतिक सशक्तिकरण और आर्थिक भागीदारी और अवसर में लैंगिक समानता कम है। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में काफी कम भुगतान किया जाता है, कुछ शोधों से पता चलता है कि समान योग्यता वाले समान नौकरियों में महिलाओं और पुरुषों के बीच लिंग वेतन अंतर 34% तक है। श्रम बल की भागीदारी देखे तो 2020 तक, भारत में दक्षिण एशियाई देशों में महिला श्रम बल की भागीदारी दर सबसे कम है, पाँच में से चार महिलाएँ न तो काम कर रही हैं और न ही नौकरी की तलाश में हैं। ऑक्सफैम के अनुसार, अप्रैल 2020 में भारत में 17 मिलियन महिलाओं ने अपनी नौकरी खो दी, उनकी बेरोजगारी दर पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक बढ़ गई। महिलाओं के लिए आज भी काम के कम अवसर है, लॉकडाउन चरणों के दौरान महिलाओं को अपनी नौकरी खोने की संभावना सात गुना अधिक पाई गई। असमान घरेलू जिम्मेदारीः इसके संभावित कारणों में घरेलू जिम्मेदारियों का बढ़ा हुआ बोझ शामिल है, जिसे आमतौर पर भारतीय महिलाओं को उठाना पड़ता है, न केवल घर के काम बल्कि बुजुर्गों की देखभाल और बच्चों की पढ़ाई के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत होती है, जिसके लिए उनके स्कूल बंद होते हैं।

## अजब पड़ोसी की गजब त्रासदी

डॉ. सुरेश कुमार

**एक** दिन पड़ोसी से मेरा झगड़ा हो गया। न जाने उसके सिर पर कौन सा भूत सवार रहता है जो चौबीसों घंटे हमारी निगरानी करता रहता है। समझ नहीं आता कि पड़ोसी है या रूस का राष्ट्रपति पुतिन। यह दुनिया भी बड़ी गजब है। अपना छोड़कर सब का हिसाब किताब चाहिए होता है। कब, कौन, कहाँ, क्यों, कैसे और किस काम के लिए पड़ोस के घर आया है यही पता लगाने में लोग घर-घर ब्योमकेश बक्शी बनते जा रहे हैं। इन्हीं के चलते घर से निकलना दुश्वार हो गया है। हां तो मैं आपको बता रहा था कि पड़ोसी से मेरी कहा-सुनी हो गई। मामला हाथापाई से होते हुए थाने तक पहुंच गया। थाना तो थाना है साहब! बड़ी गजब की जगह है। कुछ के अनुभवों को रेखांकित किया जाए तो थाना जाने की जगह श्मशान जाना सबसे बेहतर होता है। श्मशान इसलिए कि थाने में भी वही कुछ होता है जो श्मशान में होता है। अंतर केवल समय की मात्रा का होता है। जो काम श्मशान में जल्दी से होता है वही काम थाने में बड़े इत्मीनान के साथ किया जाता है। हम दो झगड़ालू अपने-अपने ढंग से हाथापाई की आपबीती भूतकाल के संजय की त्रह सुना रहे थे। पुलिस बाबू ने एक लंबी सी जम्हाई ली जिसमें बीस-तीस मक्खी आसानी से घूम-फिर सकते थे। किंतु थाने की मक्खियां आम लोगों से ज्यादा समझदार होती है। वे पुलिस के इर्द-गिर्द मंडराकर अपनी मौत को दावत देने से साफ-साफ बचती हैं। उन्हें पूरा यकीन है कि पुलिस आरोपी के न मिलने पर कहीं इन्हीं के नाम पर बिल न फाड़ दे। पुलिस बाबू ने कहा - तुम दोनों की हाथापाई में कोई दम नहीं है। न हाथ टूटा है न पैर। ऐसे कैसे मुंह उठाए चले आए। यह पुलिस थाना है पुलिस थाना! कोई कॉमेडी सर्कस नहीं। यहां मिनिमम रिपोर्ट हाथ पैर टूटने से दर्ज की जाती है। अब आगे तुम्हारी मर्जी। हम दोनों झगड़ालू अपनी जिद पर अड़े रहे। कुछ न कुछ करके एक-दूसरे को मजा चखाना चाहते थे। पुलिस बाबू हमारी मंशा भांप गए और बोले - जब तुम लोग इतनी जिद कर ही रहे हो तो तुम्हारी बात मान लेता हूं। लेकिन एक शर्त है कि दोनों अपना-अपना केस मजबूत करने के लिए बड़े-बड़े आरोप लगाएं। नहीं तो एक काम करो। हमारे यहां कुछ स्कीमें चल रही हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 26 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

# राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' का 47वां हफ़्ता

## आदर्श रसोई की टीम ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, केक काटकर मनाया अंतर्राष्ट्रीय क्लाईंट डे'





### "राकेश भारद्वाज चौक" पर केक काटकर धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय क्लाईंट डे'




**'राकेश भारद्वाज चौक'** पर हर रविवार को आदर्श रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में विभिन्न व्यंजनों से सजी थाली तो परोसी ही जाती है। इसके साथ ही संस्था हर बार किसी नए आइडिया और अनोखी पहल के साथ कुछ अलग पेश करती है। जो हर किसी के लिए कौतुहल का विषय बना रहता है। आपको बता दें कि इससे पिछले रविवारों में मजदूर दिवस, मातृत्व दिवस, परिवार दिवस, अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस सहित जन्मदिवस भी मनाए गए। धूमधाम से केक काटकर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय क्लाईंट डे'। सभी ने एकदूसरे को बधाई दी।








**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। स्वर्गीय राकेश भारद्वाज जी और उनके मित्र सुरेंदर चोपड़ा द्वारा लगाया गया एक छोटा सा पौधा आज एक वट वृक्ष का आकार ले चुका है। पिछले 47 हफ्तों से निरंतर हर रविवार को आदर्श रसोई का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में लजीज व्यंजनों से भरी थाली परोस जा रही है।

### आदर्श रसोई ने स्थापित किए हैं सच्चे आदर्श

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "राकेश भारद्वाज चौक" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "**आदर्श रसोई**" ने अपना 47वां रविवारीय कार्यक्रम बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### आदर्श रसोई की टीम ने किया विधिवत रूप से आदर्श रसोई का शुभारंभ

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर कार्यक्रम में बतौर शुभारंभकर्ता आदर्श रसोई की पूरी टीम रही। आदर्श रसोई की सभी पदाधिकारियों ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवित शुरूआत की। इसके उपरांत पदाधिकारियों ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर भव्य अभिनंदन किया और इस दिन को विशेष बनाया। राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का हुजूम देखने लायक था। साथ ही अतिथियों के साथ-साथ पदाधिकारियों का भी उत्साह देखते ही बनता था।

### क्या बोले आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग

इस विशेष मौके पर आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि आदर्श रसोई पिछले 47 हफ्तों से नियमित रूप से राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का आयोजन कर रही है। आदर्श रसोई आज समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर चुकी है। आज आदर्श रसोई अगर इस मुकाम पर पहुंची है तो इसका सारा श्रेय पूरी टीम को जाता है। जो पिछले 47 हफ्तों से निरंतर व नियमित रूप से आदर्श रसोई को विशेष भव्य व रोचक बनाने के लिए प्रयासरत रही। मोहन गर्ग ने कहा कि आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा की आगे बढ़ाएं। इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं। पुण्य आत्मा श्रद्धेय, हर दिल अजीज, यारों के यार राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच और समाज के प्रति दायित्व को को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है जो काबिलेतारीफ है और टीम के सभी सम्मानित सदस्य बधाई के पात्र हैं।

### राकेश भारद्वाज जी के विचार हम सबके लिए अनुकरणीयः रामलाल उनियाल

आदर्श रसोई के वाईस चेयरमैन रामलाल उनियाल ने सभी पदाधिकारियों को सम्मान करते हुए कहा कि बहुत सारे सामाजिक कार्यों में शामिल हुआ हूं लेकिन समाजसेवा के क्षेत्र में आदर्श रसोई जो कार्य कर रही है उसकी किसी से तुलना नहीं की जा सकती। पिछले 47 हफ्तों से निरंतर रूप से निःस्वार्थ भाव से आदर्श रसोई का आयोजन करना अपने आप में इस आयोजन को खास बनाता है। मैं पूरी टीम को दिल की गहराईयों से बधाई देता हूं।

### आदर्श रसोई के मध्यम से श्रद्धेय राकेश भारद्वाज आज भी लोगों के बीच ज़िंदा है : सुरेंद्र चोपड़ा

आदर्श रसोई की नींव मैंने और हर दिल अजीज, मेरे सुख-दुख के साथी राकेश भारद्वाज जी ने रखीं थी। निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते हुए जरूरतमंदों तक पहुंचना। राकेश भारद्वाज जी के आदर्शों पर चलते हुए पिछले 47 हफ्तों से राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का निरंतर रूप से आयोजन हो रहा, इसके लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को बधाई व अभिनंदन। अभी रूकना नहीं है, थकना नहीं है, इस मुहिम को हम सभी को आगे लेकर जाना है।

### सप्ताह दर सप्ताह आदर्श रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन करा रही आदर्श रसोई: रवि भारद्वाज

आदर्श रसोई के संयोजक रवि भारद्वाज ने कहा कि पिछले 47 हफ्तों से आदर्श रसोई की टीम ने पूरी मेहनत व निस्वार्थ रूप से मेरे पिता राकेश भारद्वाज जी के दिखाए हुए मार्ग पर चलते हुए आदर्श रसोई का आयोजन कर रही है। आदर्श रसोई का हर एक सदस्य रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहता है और अपना भरपूर योगदान देता है। आदर्श रसोई के विचार लोगों को प्रेरणा देते हैं और इस तरह की जनसेवा का भाव रखने वाली संस्था आज समाज को जरूरत है। मैं आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करता हूं।


### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली


आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया।



















ये आदर्श रसोई का 47वां रविवारीय आयोजन था। आदर्श रसोई का हर एक पदाधिकारी इस नेक कार्य में अपना योगदान देता है। मैं संस्था के सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयो से आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहते हैं। **- मोहन गर्ग, आदर्श रसोई चेयरमैन**




आदर्श रसोई ने हमेशा ही जरूरतमंदों के लिए कार्य किया और राकेश भारद्वाज जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए रसोई का आयोजन निरंतर रूप से हो रहा है। टीम कार्यक्रम में योगदान दे रही है जिसके लिए पूरी टीम का दिल की गहराईयों से अभिनंदन और बधाई। यहीं कारण है कि आज आदर्श रसोई समाजसेवा में नए कीर्तिमान छू रहा है। **- रामलाल उनियाल, वाईस चेयरमैन**



आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई का उद्देश्य था जरूरतमंदों की सेवा करना और मुझे लगता कि कहीं न कहीं आदर्श रसोई की पूरी टीम इस उद्देश्य में सफल साबित हुई है। अभी लंबा सफर तय करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम रविवारीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक की हुई है। **-सुरेंद्र चोपड़ा, प्रधान**



आदर्श रसोई की नींव परम श्रद्धेय और मेरे पिता राकेश भारद्वाज जी और सुरेन्द्र चोपड़ा जी ने रखी थी। जिसका लक्ष्य था जरूरतमंदों की नि:स्वार्थ भाव से भरपेट भोजन कराना। सप्ताह दर सप्ताह यह संस्था अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य कर रही है। साथ ही इस लक्ष्य को हासिल करने में संस्था का हर एक व्यक्ति अपना योगदान दे रहा। **- रवि भारद्वाज, संयोजक**



आदर्श रसोई पिछले 46 हफ्तों से बेहतरीन रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है। साथ ही कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तय की जाती है। सभी अपने विचार आदान-प्रदान करते हैं। इस सफल कार्यक्रम के लिए पूरी टीम का अभिनदंन। **पम्मी मल्होत्रा, महासचिव**



आदर्श रसोई पिछले 47 हफ्तों से बेहतरीन रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। आदर्श रसोई की पूरी टीम दिन रात रविवारिय कार्यक्रम को विशेष बनाने लिए प्रयत्नशील रहती है। हर कोई अपनी तरफ से कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए अपना सुझाव देता है। आदर्श रसोई के हर एक पदाधिकारी का दिल की गरहाईयों से अभिनंदन। **-विनोद गर्ग, महासचिव**

